मंगलवार, 4 फरवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 29 – 19 |
| आर्द्रता | 60% |
| सूर्योदय: 6:15 | सूर्यास्त: 17:27 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष सप्तमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : ज्ञान के बाद यदि नम्रता का जन्म हो तो वो ज्ञान अमृत हो जाता है।




प्रयागराज से चलाई जा रही गाड़ियों की रेल मंत्री ने वार रूम से की मॉनिटरिंग –पृष्ठ 7





JAISWAL INDUSTRIAL PARK PHASE I & II

COMPLETE COMMERCIAL PLOTS AVAILABLE WITH FILLING AND BOUNDARY

JUST 3 MINS FROM DANKUNI HOUSING

CALL: 7003982830 email: udgeethdevelopers@gmail.com

DIVYANSH JAISWAL



RED-X

B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS

'X' Factor that Makes A Difference

Stockist :

GULAB CHAND LAL CHAND& Co.

9831114555

9874415555


# महाकुंभ: बसंत पंचमी पर 2.5 करोड़ ने किया अमृत स्नान

## संगम की रेत पर नाचते गाते जयकारे लगाते श्रद्धालुओं ने किया अमृत स्नान



### भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत विदेशी नागरिकों ने परिवार के साथ किया गंगा स्नान

**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान बसंत पंचमी पर सोमवार तड़के से देश-दुनिया से लाखों की संख्या में लोग गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने आते रहे और शाम आठ बजे तक ढाई करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। मेला प्राधिकरण जारी आंकड़ों के मुताबिक, तीन फरवरी को शाम आठ बजे तक 2.57 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई। इसमें 10 लाख कल्पवासी भी शामिल हैं और 13 फरवरी से अभी तक महाकुंभ में 35 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि संगम घाट पर नागा साधु-संतों और आम श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की गई। हर किसी ने अमृत स्नान का अलौकिक आनंद लिया और चारों ओर हर-हर गंगे का घोष सुनाई देती रही। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए रविवार को 'एक्स' पर लिखा, ''महाकुंभ में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं में पवित्र अमृत स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई हो।'' सूचना निदेशक शिशिर ने बताया कि योगी आदित्यनाथ लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास पर प्रमुख सचिव (गृह) और डीजीपी के साथ बैठकर तड़के साढे तीन बजे से ही महाकुंभ में स्नान पर नजर रखे हुए थे। उन्होंने कहा कि अखाड़ों का अमृत स्नान निर्विघ्न रूप से संपन्न हुआ और सभी 13 अखाड़ों के साधु-संतों ने दोपहर तक अमृत स्नान पूरा कर लिया। इस ऐतिहासिक मौके पर संगम का तट भारतीय और विदेशी श्रद्धालुओं से भरा रहा। मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान हुई भगदड़ की घटना में कम से कम 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी, जबकि 60 लोग घायल हो गए थे। संगम तट पर भीड़ से बचने के लिए बहुत से लोगों ने दारागंज में दशाश्वमेध घाट पर स्नान किया। रायपुर से आई राम प्यारी ने 'पीटीआई- भाषा' से कहा, इस भारी भीड़ में गंगा स्नान करना महत्वपूर्ण है। इसलिए हमने संगम जाने के बजाय यहां स्नान करना ठीक समझा। बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का ध्यान कर 10 लाख कल्पवासियों ने भी संगम में डुबकी लगाई। महाकुंभ में 10 लाख से अधिक कल्पवासी महाकुंभ क्षेत्र में कल्पवास कर रहे हैं और आगामी माघी पूर्णिमा के स्नान के साथ उनका एक माह का कल्पवास पूरा होगा और वे अपने गंतव्य को रवाना होंगे। महाकुंभ के अंतिम अमृत स्नान पर्व बसंत पंचमी पर मेला प्रशासन और पुलिस को शून्य त्रुटि के साथ सकुशल स्नान संपन्न कराने के मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और एडीजी भानु भास्कर स्वयं मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण व्यवस्था को देख रहे हैं। डीआईजी पुलिस (महाकुंभ) वैभव कृष्ण ने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया कि 29 जनवरी की घटना के मद्देनजर अधिक भीड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है तथा आज सबकुछ सुचारू ढंग से चल रहा है। सरकार ने बसंत पंचमी पर 'ऑपरेशन इलेवन' भीड़ प्रबंधन की योजना लागू की। सरकार ने एक बयान जारी कर कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से सोमवार को एकल मार्ग की व्यवस्था लागू रही। वहीं, त्रिवेणी के घाटों पर अत्यधिक दबाव रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहे।

### भगदड़ की घटना के बाद संतों ने अमृत स्नान के लिए व्यवस्थाओं की सराहना की

महाकुंभ 2025 में बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को अखाड़ों के भव्य अमृत स्नान के बीच संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ त्रिवेणी संगम तट पर उमड़ पड़ी। देशभर के प्रमुख संतों ने इस अवसर पर की गई व्यवस्थाओं के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान मची भगदड़ की घटना के बाद यह अमृत स्नान हो रहा है। मौनी अमावस्या पर भगदड़ की घटना में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी तथा 60 लोग घायल हो गए थे। इस घटना से स्तब्ध उत्तर प्रदेश सरकार ने भीड़ प्रबंधन प्रणाली तथा सुरक्षा, चिकित्सा एवं परिवहन व्यवस्था को बढ़ा दिया है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को बसंत पंचमी पर ''त्रुटि रहित'' अमृत स्नान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## महाकुंभ भगदड़: न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश देने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या पर प्रयागराज के संगम क्षेत्र में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य लोग घायल हो गए थे। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की इस दलील पर गौर किया कि इस मामले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पहले ही एक याचिका दायर की जा चुकी है और मौजूदा याचिका की शीर्ष अदालत में सुनवाई नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने भगदड़ को ''दुर्भाग्यपूर्ण घटना'' करार देते हुए याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता विशाल तिवारी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा।

## प्रधानमंत्री मोदी 12 फरवरी से दो दिवसीय अमेरिका दौरे पर जाएंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 फरवरी से अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। मामले के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के अनुसार मोदी पेरिस की अपनी दो दिवसीय यात्रा समाप्त करने के बाद वाशिंगटन डीसी जाएंगे। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बनने के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने के कुछ ही सप्ताह के भीतर द्विपक्षीय यात्रा पर वाशिंगटन डीसी जाने वाले मोदी कुछ चुनिंदा विदेशी नेताओं में शामिल होंगे।

## राष्ट्रपति पर टिप्पणी को लेकर भाजपा सांसदों ने सोनिया गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया


**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सांसदों के एक समूह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ 'अपमानजनक और निंदनीय' शब्दों का इस्तेमाल करने के लिए कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के खिलाफ सोमवार को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। राज्यसभा सदस्य सुमेर सिंह सोलंकी के नेतृत्व में उन्होंने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और सोनिया गांधी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। भाजपा सांसदों ने कहा कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का काम किया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि राज्यसभा के सभापति ने भाजपा सांसदों की बातों को ध्यान से सुना, (उनकी शिकायतों का) गंभीरता से संज्ञान लिया और 'कुछ टिप्पणियां' भी कीं। रीजीजू ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''सोनिया गांधी ने अंग्रेजी में 'पुअर लेडी, टायर्ड' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया, जिसका हिंदी में अर्थ 'बेचारी' और 'थकी हुई' है।''

## रुपया 55 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ पहली बार 87 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे



**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया 55 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 87.17 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पहली बार रुपया 87 प्रति डॉलर से नीचे गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद व्यापक व्यापार युद्ध की आशंका के बीच स्थानीय मुद्रा में यह भारी गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक में उछाल और डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा व मेक्सिको पर 25 प्रतिशत तथा चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने से व्यापक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के कारण कमजोर वैश्विक बाजारों से भारतीय रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.00 प्रति डॉलर पर कमजोर रुख के साथ खुला और सत्र के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 87.29 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छू गया था। स्थानीय मुद्रा कारोबार के अंत में 87.17 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से 55 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.62 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, '' हमें घरेलू बाजारों में कमजोर रुख के बीच मजबूत अमेरिकी डॉलर और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की आशंका है। अमेरिकी प्रशासन के शुल्क को लेकर चिंता से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है।''

## दिल्ली में प्रचार खत्म, 5 फरवरी को वोटिंग




**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार (3 फरवरी) को शाम छह बजे चुनाव प्रचार खत्म हो गया। 5 फरवरी को वोटिंग होगी और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन राजनीतक दलों ने दिग्गजों ने जनता से संपर्क साधा। 5 फरवरी को दिल्ली के 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इससे पहले निर्वाचन आयोग ने 5 फरवरी सुबह सात बजे से शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने एक आदेश भी जारी किया है। चुनाव आयोग ने अपने आदेश में कहा, जनसाधारण विशेष रूप से न्यूज ब्यूरो, मीडिया हाउसेज, रेडियो और टेलीविजन चैनलों इत्यादि का ध्यान भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना संख्या 576/एक्जिट /2025/ एसडीआर/खण्ड-1 दिनांक 22 जनवरी, 2025 की ओर आकर्षित किया जाता है कि प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या किसी भी अन्य तरीके, जो कोई हो, में एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल या किसी अन्य चुनाव सर्वेक्षण के परिणामों पर प्रतिबंध रहेगा।

## केंद्र और राज्य ऐसा कुछ न करें जिससे वन क्षेत्र कम हो : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र और राज्यों को अगले आदेश तक ऐसा कोई भी कदम उठाने से रोक दिया, जिससे वन क्षेत्र कम हो। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ 2023 के वन संरक्षण कानून में संशोधन के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा, ''हम ऐसी किसी भी चीज की अनुमति नहीं देंगे, जिससे वन क्षेत्र में कमी आए। हम निर्देश देते हैं कि अगले आदेश तक केंद्र और कोई भी राज्य ऐसा कदम नहीं उठाएगा, जिससे वन भूमि में कमी आए, जब तक कि केंद्र और राज्य द्वारा प्रतिपूरक भूमि उपलब्ध नहीं कराई जाती...।'' केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वह इस मामले में दायर याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करेंगी। भाटी ने कहा कि अगली सुनवाई से पहले अदालत के समक्ष एक वस्तु स्थिति रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। मामले में पेश हुए एक वकील ने कहा कि दलीलें पूरी हो चुकी हैं और याचिकाओं में उठाया गया मुद्दा 2023 के वन संरक्षण कानून में संशोधन से संबंधित है। पीठ ने सुनवाई चार मार्च के लिए तय की है। पिछले साल फरवरी में, शीर्ष अदालत ने इस निवेदन का संज्ञान लिया था कि वन संरक्षण पर 2023 के संशोधित कानून के तहत वन की परिभाषा में लगभग 1.99 लाख वर्ग किलोमीटर वन भूमि को ''वन'' के दायरे से बाहर रखा गया है और इसे अन्य उद्देश्यों के लिए उपलब्ध कराया गया है।

## महाकुंभ की भगदड़ पर सरकार से जवाब को लेकर विपक्षी सदस्यों का लोकसभा में हंगामा



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर लोकसभा में सरकर से जवाब की मांग करते हुए सोमवार को हंगामा किया। सरकार ने कहा कि विपक्षी दल राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान किसी भी विषय को उठा सकते हैं। बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी सदस्य महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर सरकार से जवाब की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। कई विपक्षी सांसद आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी कर रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनसे सदन चलने देने की अपील की और कहा, ''अगर आपको देश की जनता ने नारेबाजी के लिए भेजा है तो यही काम करिये। यदि सदन चलाना चाहते हैं तो अपनी सीट पर जाकर बैठिए।''

## 'मेक इन इंडिया' एक अच्छा विचार, पीएम ने कोशिश भी की, लेकिन फेल हुए, संसद में बोले राहुल गांधी



**नई दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में विनिर्माण क्षेत्र साठ साल में सबसे कमजोर हुआ है और जिन मोबाइल बनाने का हम दावा कर रहे हैं उसके सारे पुर्जे चीन से आते हैं। इसलिए देश के युवाओं को रोजगार पर स्पष्ट जवाब सरकार से नहीं मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में भले ही विकास की बात की जा रही है और कहा जा रहा है कि मोबइल भारत मे बनता है, ड्रोन बनाए जा रहे हैं, लेकिन सच यह है कि इन सबकी तकनीकी चीन के पास है। भारत में इनके पुर्जों को एसेम्बल कर मोबाइल बनाया जा रहा है और इस तरह से अपने युवाओं को रोजगार के सवाल पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा सकता है। राहुल गांधी ने लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं के द्वारा तय होना है इसलिए युवाओं की बात पर सबका फोकस होना चाहिए। देश तरक्की कर रहा है भले ही तेजी से नहीं लेकिन बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। किसी भी सरकार ने देश के युवाओं को उनके सवालों का सीधा जवाब नहीं दिया है। सरकार कहती है कि विकास हो रहा है, लेकिन विनिर्माण गिर रहा है और विनिर्माण उद्योग की वृद्धि दर 60 साल में सबसे नीचे है और सरकार इसे रोकने में असफल हो रही है। उन्होंने कहा, किसी भी देश में उपभोग और उत्पादन को व्यवस्थित करने की आवश्यकता होती है। पहले उपभोग को व्यवस्थित करना होता है और फिर उत्पादन को व्यवस्थित किया जा सकता है और उपभोग को नए परिवेश में नई तकनीकि सेवा के जरिए व्यवस्थित किया जा सकता है। उत्पादन को व्यवस्थित करने का आधुनिक तरीका विनिर्माण है, लेकिन उत्पादन में केवल विनिर्माण के अलावा और भी बहुत कुछ है।

### राहुल गांधी अपनी बातें सत्यापित करें, अन्यथा आसन को कार्रवाई करनी चाहिए: रीजीजू

**नयी दिल्ली :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चीन के प्रवक्ता से भी ज्यादा पड़ोसी देश की तारीफ की। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने सदन के अंदर जो बातें की हैं उन्हें सत्यापित करना चाहिए, अन्यथा आसान को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने सदन के भीतर चीन के प्रवक्ता से भी ज्यादा चीन की तारीफ की है।





ENJOY A JOYFULL EXPERIENCE

A Fresh Reason to Return...!

- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel

PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA

For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545

For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241

THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## डायरेक्ट टैक्स में कमी भी बढ़ाएगी मांग

लंबे अर्से से बढ़ती कीमतों, स्थिर वेतन और करों के बोझ से मध्यम वर्ग वित्तीय दबाव में था। केंद्रीय बजट 2025 में मोदी सरकार ने आयकर छूट सीमा बढ़ाकर व कर दरों में कमी से राहत देने की कोशिश की है। किंतु-परंतु न हो तो अब बारह लाख तक की आय वाले व्यक्ति को कोई कर नहीं देना होगा। धारणा है कि इससे लोगों की आय बढ़ने से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी। खपत में वृद्धि से मांग बढ़ेगी जो कालांतर उद्योगों- अर्थव्यवस्था को गति देगी। निस्संदेह आयकर व्यवस्था का सरलीकरण स्वागत योग्य कदम है। वरिष्ठ नागरिकों की ब्याज आय पर कटौती की सीमा को दुगनी करके एक लाख रुपये सालाना करने से उन्हें लाभ मिलेगा। इसी तरह किराये की आय पर निर्भर सेवानिवृत्त लोगों को बढ़ी हुई टीडीएस सीमा का लाभ होगा, जिसे अब बढ़ाकर छह लाख सालाना कर दिया गया है। लेकिन दूसरी ओर ईपीएफ,पीपीएफ, बीमा और होम लोन पर प्रमुख कटौतियों का लाभ हटाने से आम आदमी की वास्तविक बचत खत्म हो सकती है। जिससे दीर्घकालीन बचत में गिरावट संभवित है। नई व्यवस्था पीएफ और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में निवेश को हतोत्साहित करती है। यह स्थिति उनकी भविष्य की वित्तीय सुरक्षा को कमजोर कर सकती है। कर राहत के साथ जरूरी है कि मध्यम वर्ग की आय में वृद्धि हो और मुद्रास्फीति पर नियंत्रण किया जाए। निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त लोगों की सामाजिक सुरक्षा के बारे में भी सोचना जरूरी है।

लेकिन आयकर राहत से मध्यम वर्ग की बचत-खपत बढ़ने से क्या वास्तव में आर्थिकी को गति मिल सकेगी? एक अनुमान के अनुसार भारत में आबादी का चालीस फीसदी मध्यम वर्ग के दायरे में आता है। दरअसल, भारतीय अर्थव्यवस्था मांग की कमी से जूझ रही है। मध्य वर्ग ही वस्तुओं और सेवाओं का बड़ा उपभोक्ता वर्ग है। उसकी क्रय शक्ति कम होने व बचत नहीं होने से उसकी खरीद क्षमता बाधित हुई है। मांग कम होने से उत्पादन में गिरावट आई है और नया निवेश प्रभावित हो रहा है। यही वजह है कि बीते वर्ष में विकास दर पिछले चार सालों में सबसे कम 6.4 रही है जिसके आर्थिक सर्वे में इस साल 6.8 तक रहने का अनुमान है। जो विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। सरकार का मानना है कि आयकर में कटौती से बचत और खपत को बढ़ावा मिलेगा। दरअसल, मध्यम वर्ग उपभोक्ता, कर्मचारी और सहायक सेवा करने वाले लोगों का नियोक्ता होता है। सरकार मानती है कि इससे अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। वहीं कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि देश में अप्रत्यक्ष करों में कमी से मांग को ज्यादा बढ़ावा मिल सकता है। अप्रत्यक्ष कर मध्यमवर्ग के बजाय गरीब लोगों को भी देना पड़ता है। दरअसल, हमारी एक सौ चालीस करोड़ की आबादी में नौ करोड़ लोग आयकर रिटर्न भरते हैं और साढ़े तीन करोड़ लोग आयकर देते हैं। इनको राहत देने से सीमित वर्ग की क्रय शक्ति ही बढ़ेगी। कुछ लोग इसे दिल्ली के विधानसभा चुनाव की दृष्टि से उठाया गया कदम बताते हैं क्योंकि वहीं बड़ी संख्या में आयकर दाता सरकारी कर्मचारी रहते हैं।

# दिल्ली चुनाव के कई मायने



राज मिठौलिया
वरिष्ठ पत्रकार
पूर्व अध्यक्ष
कोलकाता प्रेस क्लब

कहावत है कि पैर उतना ही फैलाएं जितनी बड़ी चादर हो लेकिन दिल्ली में आगामी 5 फरवरी को होने वाले 70 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में उल्टी गंगा ही बह रही है जहां चुनावी मैदान में कूदे राजनीतिक दलों ने सिर्फ सत्ता की लालच में अपनी क्षमता पर ध्यान केंद्रीत न कर तमाम आरोप-प्रत्यारोपों के बीच मतदाताओं को मुफ्त की रेवड़ी देने संबंधी वायदों की बौछार कर दी है जिसके फलस्वरूप देश की राजधानी दिल्ली का विकास के मूल मुद्दे पीछे चले गये हैं। वायदों से भरे चुनावी पोस्टरों ने दिल्ली के हर गली मोहल्लों विशेषकर झुग्गी- झोपड़ी में रहनेवालों की जुबान पर इस समय कौन सी पार्टी प्रतिमाह कितना नकद देने के अलावा मुफ्त में क्या-क्या मिलेगा, पर आकर टिक गयी है। मुफ्त रेवड़ी के चक्कर में दिल्ली की जनता को राज्य की माली हालत से कुछ लेना देना नहीं हैऔर न ही अन्य राज्यों में वायदों पर सरकारें कितनी खरी उतरी, उस पर गौर करना है।

दिल्ली की सड़कें, सीवेज सिस्टम, पेयजल, अस्पतालों, मोहल्ला क्लीनिक, पार्कों की दयनीयत हालत के अलावा गंदगी की वजह से यमुना का पानी दूषित हो गया है। प्रदूषण ने अलग से लोगों का जीना हराम कर रखा है। इसके अलावा आपराधिक घटनाओं में विद्धि ने भी लोगों विशेषकर महिलाओं में दहशत पैदा कर रखी है। ये तमाम मुद्दे चुनावी प्रचार अभियान में विरोधी पार्टियां अवश्य उछाल रही है जिसे सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल व पार्टी के छोटे बड़े नेता आधारहीन बताकर भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े नेता आधारहीन बताकर भारतीय जनता पार्टी विशेषकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाने के साथ ही साथ कांग्रेस को भी निशाना बना रहे हैं। यह सही है कि दिल्ली में कानून, व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्रीय गृहमंत्रालय पर है जिसे भाजपा नकार नहीं सकती।

दिल्ली के पद पर अरविंद केजरीवाल फिर बैठेंगे, यह घोषणा आप ने पहले ही कर रखी है। खुद आरविंद केजरीवाल ने भी ऐलान कर दिया है जीत मिलने पर वे ही मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालेंगे, वहीं भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस की तरफ से मुख्यमंत्री चेहरे की घोषणा अभी तक नहीं की गयी है। जहां तक भाजपा का सवाल है तो इस मामले में वह चुनाव बाद ही कोई फैसला करती है। असल में भाजपा दिल्ली में भी डबल इंजनवाली सरकार चाहती है और इसीलिए भाजपा हरियाणा चुनाव मॉडल पर चल रही है। स्मरण रहे कि हरियाणा विधानसभा चुनाव पूर्व अरविंद केजरीवाल ने वहां पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ जबर्दस्त दस्तक दी थी। इस समय हरियाणा की शक्तिशाली विरोधी पार्टी कांग्रेस थी जिसकी खुलेआम उपेक्षा कर केजरीवाल ने अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया था। कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन में न जाकर केजरीवाल ने कितनी बड़ी गलती की, इसका अहसास उन्हें भाजपा के पक्ष में गयी जनता के राय से हुआ। हालांकि हरियाणा में यह तय माना जा रहा था कि भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सत्ता पर नहीं आ पायेगी। कांग्रेस ने तब मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा भी कर दी थी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली भारी जीत के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातों सीट पर जीत हासिल कर भाजपा ने केजरीवाल को धक्का जरूर दिया था, क्योंकि जेल से निकलने के बाद केजरीवाल ने अपनी हर चुनावी रैली में दावा किया था कि इस बार दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का परचम लहरायेगा। तब चुनावी तालमेल के तहत आप ने 4 और कांग्रेस ने 3 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। केजरीवाल ने कहा था कि जनता आप के उम्मीदवारों को जीताकर भाजपा से मेरा बदला लेगी। परंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ। आप 4 सीटों पर बुरी तरह हारी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की सभी सात सीटों पर शानदार जीत हासिल की थी। उस समय भी केजरीवाल ने भाजपा को हराने का दावा किया था।

जहां तक दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की उपस्थिति का सवाल है तो वह इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की बेरूखी से परेशान व खुद को अलग थलग सी महसूस कर रही है। दरअसल क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस और उसके प्रमुख नेता राहुल गांधी (लोकसभा में विपक्ष के नेता) के बजाय आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के साथ मेलजोल बढाना पसंद करती है। जबकि इन क्षेत्रीय दलों को पता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने गत लोकसभा चुनाव में पहले की तुलना में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। यह कैसी विडंबना है कि देश में एक लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस की दिल्ली चुनाव में भागीदारी करने के लिए जनाधार वाले नेताओं को खोजते हेतु कई बैठकें करनी पड़ी। इंडिया महा गठबंधन में शामिल अन्य क्षेत्रीय दलों शरद पवार, उद्धव ठाकरे,अखिलेश यादव और ममता बनर्जी ने कांग्रेस नेतृत्व से विचार विमर्श किये बिना ही अरविंद केजरीवाल को अपना समर्थन देने की घोषणा पहले कर रखी है। भले ही इन क्षेत्रीय दलों का दिल्ली में कोई जनाधार न हो। इन क्षेत्रीय दलों के नेताओं में केजरीवाल का राजनीतिक महत्व इसलिए भी अहम है क्योंकि आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त है।

चुनाव में उतरे हैवी वेट उम्मीदवारों की बात करे तो जाहिर है अरविंद केजरीवाल का नाम सबसे ऊपर आता है क्योंकि उन्होंने ही अपनी और पार्टी की तमाम खामियों के बावजूद कड़ाके के ठंड के बीच एक के बाद एक मुफ्त की रेवड़ी वायदे का रिकार्ड बनाकर राजनीतिक गर्मी पैदा कर दी है। भाजपा और कांग्रेस यह समझ ही नहीं पा रही है कि इस मामले में केजरीवाल पर कैसे अंकुश लगाया जाय। कांग्रेस खुद अपने में उलझी हुई है। गुटबाजी कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र का हिस्सा रही है। जिसका उदारहण हरियाणा विधानसभा चुनाव में जनता के समक्ष आ चुका है। एक दौर ऐसा भी था जब राजनीतिक प्रबंधन तंत्र देश से लेकर



प्रदेशों तक कांग्रेस नेताओं पर नजर रखता था ताकि बीमारी गंभीर होने से पहले ही जरूरी उपचार किया जा सके। दूसरी तरफ भाजपा भी अपने स्टार प्रचारकों में नरेंद्र मोदी को शामिल कर मुफ्त की रेवड़ी की गारंटी देने जुट गयी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी इंट्री हो चुकी है। वैसे भाजपा के निशाने पर केजरीवाल ही है। भाजपा ने पार्टी के पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को नयी दिल्ली से केजरीवाल के खिलाफ खड़ा किया है जबकि कांग्रेस ने राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित (दिवंगत) के पुत्र संदीप दीक्षित के टिकट दिया है। जिसके लिए प्रियंका गांधी भी चुनाव प्रचार में उतरी हैं। ज्ञात रहे कि 2015 और 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपना खाता तक नहीं खोल पाटी थी क्योंकि उसके परंपरागत वोट बैंक रहे दलित और अल्पसंख्यक केजरीवाल के मुफ्त में बिजली-पानी देने के अलावा महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा के प्रति आकर्षित हो गये थे। कहना गलत न होगा कि आम आदमी पार्टी मूलतः कांग्रेस से हथियाये हुए जनाधार पर ही टिकी हुई है। हालांकि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आप पहलीबार गठबंधन के तहत भाजपा के विरूद्ध उतरे थे परंतु जनता ने दोनों को नकार दिया। एक भी सीट कांग्रेस और आप को नहीं मिली थी।

तथ्य है कि जनतंत्र या कहिए लोकतंत्र लोकतंत्र की बहुदलीय प्रणाली भारत की संधीय एकता के लिए इस समय एक चुनौती बनती जा रही है क्योंकि भारत ने लोकतंत्र की पाश्चात्य प्रणाली को तो अवश्य अपना लिया पर अन्य विशेषताओं की तरफ उसका ध्यान नहीं गया। देश की वर्तमान राजनीतिक गतिविधिंओं पर गंभीरता से गौर करने पर इस हकीकत की कुछ हद तक पुष्टि हो जाती है कि बहुदलीय प्रणाली क्षेत्रीयता का कारक है। देश में अनेक राजनीतक दल कुकुरमुत्ते की तरह उग आए हैं जो अपने राजनीतिक स्वार्थ तथा वोट बैंक के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। ऐसे दलों के सामने देश की एकता अखंडता से बड़ा अपना राजनीतिक स्वार्थ होता है। सिर्फ सत्ता और कुर्सी पर नजर रखनेवाले दलों से समाज सेवा-देश सेवा की उम्मीदें कैसे की जा सकती है। ध्यान देने वाली बात यह है कि देश के कुछ तथाकथित राजनीतिक विश्लेषक व नेता यह तर्क देत हैं कि यह गठबंधन सरकारों का युग है। इस समय एनडीए विशेषकर भाजपा के खिलाफ बने महागठबंधन में परिलक्षित बिखराव पर मंथन की संभावना दूर दूर तक दिखाई नहीं देती। यहां मजे की बात तो यह है कि हमारे तमाम नेता शक्तिशाली देश चीन की प्रगति की बात खूब करते हैं लेकिन यह नहीं बताते कि वहां सरकारी तंत्र कैसे काम करता है। हमारे देश में लोकतंत्र में मिली अपार ढूट का अगर हम सही इस्तेमाल करते तो हम बहुत पहले ही दुनिया में नंबर वन विकसित राष्ट्र बन जाते।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न राजनीतिक दलों ने मतदाताओं को लुभाने व अपनी ओर खींचने क लिए मुफ्त रेवड़ी राजनीति की बरसात कर दी है, उससे उनकी सत्ता की लालसा का स्पष्ट पता चल जाता है। हैरतवाली बात तो यह है कि शराब, घोटाला, शीष महल, कांड के आरोपी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल विभिन्न मीडिया चैनलों में यह स्वीकार कर चुके हैं कि पिछले चुनाव के समय उन्होंने जनता के समक्ष जो वायदे किये थे उनमें जमुना की सफाई समेत कई वायदों को पूरा नहीं कर पाये हैं। इसलिए अलगे पांच सालों के लिए पुनः उन्हें मौका दिया जाए। पिछले दस सालों से सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी की सरकार के मुखिया रहे अरविंद केजरीवाल की मुफ्त रेवड़ी की राजनीति पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने भी मुफ्त में रेवड़ी बांटने की ही चाल में चलने का ऐलान कर हमला शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी की तरह कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ने भी घोषणा पत्र में महिलाओं का ज्यादा ध्यान रखा है। आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को प्रतिमाह 21 सौ रूपये देने का वायदा किया है तो वहीं भाजपा और कांग्रेस ने महिलाओं को प्रतिमाह 25 सौ रुपये देने की बात कही है। आप ने बुजुर्गों को 25 सौ प्रतिमाह पेंशन देने का भी वायदा किया है।

पिछले विधानसभा चुनाव का तरह इस बार भी केजरीवाल महिला मतदाताओं को अपनी तरफ खींचने के लिए जीजान से लग गये हैं। क्योंकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि इन्ही महिला मतदांताओं के भरपुर आशिर्वाद की बदौलत पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को तसरी बार सरकार बनाने में किसी प्रकार की बाधा सामने नहीं आयी। ममता बनर्जी की लक्ष्मी भंडार व कन्याश्री परियोजना के माध्यम से महिलाओं को जहां अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित किया तो वहीं ममता के नेतृत्ववाली तृणमूल सरकार का हौसला भी बढ़ाया। इसी तरह झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की वापसी के मामले में भी महिला मतदाताओं की अहम भूमिका रही। सिर्फ इतना ही नहीं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लाडली बहिन योजना का वजह से मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को विधानसभा चुनाव में जबर्दस्त जीत मिली थी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव की चर्चाएं सिर्फ अपने देश में ही नहीं बल्कि पाकिस्तान में भी होने लगी है हालांकि इस मामले में केजरीवाल इस बार अधिक सतर्कता बरतते हुए सिर्फ इस बात पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे रहे है कि बस किस चुनावी चाल से नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली शक्तिशाली भारतीय जनता पार्टी को पीछे धकेल सत्ता पर पुनः काबिज हो सके। केजरीवाल को मामूल है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मंजूरी दे दी है। ज्ञात रहे कि ईडी ने दिल्ली में आबकारी घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता केजरीवाल को बताया था। भाजपा और कांग्रेस इस मामले में भी केजरीवाल को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। वैसे दिल्ली की पुलिस व प्रशासन की अधिकांश शक्तियां उपराज्यपाल (एलजी) के पास है जिनपर पक्षपात करने का आरोप केजरीवाल वर्षों से लगाते आ रहे हैं। दिल्ली चुनाव में ओवेसी की पार्टी एआईएमएम की भी इंट्री हो चुकी है तो वहीं केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए की पार्टनर नीतीश कुमार की पार्टी जनतादल युनाइटेड के अलावा चिराग पासवान की पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं। केजरीवाल भी अपने अल्पसंख्यक मतदाताओं को एकजुट करने में लग गये हैं। चुनाव में पंजाबी व पूर्वांचली मतदाताओं को मुद्दा बनाया जा रहा है।

बहरहाल इसमें कोई दो राय नहीं कि देश की राजधानी दिल्ली के हाईवोल्टेज चुनाव पर देशभर की नजर गढ़ी हुई है। इस चुनाव ने राजनितिक मर्यादा को शर्मिंदा करने के मामले में सभी दलों के चेहरों से शरफत का नकाब हटा दिया है। दिल्ली में होने वाले त्रिकोणीय मुकाबले में लगभग सभी पार्टियां महंगाई, बेरोजगारी व घुसपैठ जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चुप्पी साध व अलग थलग कर मुफ्त की रेवड़ी के मामले में मशगुल हो एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लग गयी है। शायद दिल्लीवालों के लिए सचमुच पहली बार यह बंपर लॉटरी जैसा चुनाव होगा जहां नीति-रीति, स्वच्छ छवि व साकारात्मक सोच की बात नदारद होगी। अब देखना यह है कि तमाम वायदों के बीच दिल्ली की जनता किस दल पर मुहर लगाती है। इस सिलसिले में एक शायर का यह शेर बरबस जहन में आता है।

*अब हवायें खुद करेगी रोशनी का फैसला*
*जिस दिये में जान होगी वह दिया रह जायेगा*

## बेल्जियम के नए प्रधानमंत्री ने पद की शपथ ली

**ब्रसेल्स :** बेल्जियम के नए प्रधानमंत्री बार्ट डि वेवर और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने सोमवार को पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री और प्रमुख मंत्रियों ने डच और फ्रांसीसी भाषा में शपथ ली जबकि 15 सदस्यीय मंत्रिपरिषद के कई अन्य सदस्य रॉयल पैलेस में हुए एक संक्षिप्त समारोह के दौरान अपनी-अपनी भाषा पर अड़े रहे। बेल्जियम में भाषा संबंधी मुद्दे पिछली शताब्दी से चले आ रहे हैं। एन-वीए पार्टी के नेता वेवर ने एलेक्जेंडर डि क्रू की जगह ली है, जो पिछले साल जून में हुए चुनाव के बाद से कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने हुए थे। वेवर सोमवार को ब्रसेल्स में होने वाले शिखर सम्मेलन में यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। एन-वीए पार्टी ने एक बयान में कहा, 'हमारी सरकार बजट को दुरुस्त करेगी, निष्पक्ष सामाजिक नीति लागू करेगी, अब तक की सबसे सख्त प्रवासन नीति को लागू करेगी, सुरक्षा में निवेश करेगी।'

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 फरवरी, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ शुक्लपक्ष सप्तमी, 26:32 तक नक्षत्र : अश्विनी, 21:50 तक योग : शुभा, 24:00 तक सूर्योदय: 6:15, सूर्यास्त: 17:27 चन्द्रोदय : 10:04, चन्द्रास्त: 23:25, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 14:36 से 15:59

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन थकान और परेशानी वाला हो सकता है और आपको हर मामले में सावधानी से काम करने की सलाह है। किसी वजह से आप तनाव में रहेंगे।

**वृष :** वृष राशि के लोगों का दिन लाभ से भरा होगा। दिन लाभदायक रहेगा। धन लाभ के योग बन रहे हैं। ऑफिस के लोगों पर आंख बंद करके भरोसा न करें। भाग्य में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। आप करियर में कोई बड़ा बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। अभी आपके लिए समय सही नहीं है। धन में वृद्धि के योग हैं।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन सफलता से भरा रहेगा। आप नए प्रॉजेक्ट पर ध्यान देंगे और आपका मन खुश होगा। इस क्षेत्र में कुछ पुराने दोस्तों से आर्थिक मदद मिल सकती है।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए करियर में लाभ के योग बन रहे हैं। अगर आप यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो आपको कुछ तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे काम भी पूरे हो सकते हैं।

**कन्या :** कन्या राशि वालों को लाभ होगा और अगर आप मन से किसी काम को करेंगे तो सफलता मिलेगी। कुछ काम अचानक ही बनते नजर आएंगे और आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला :** तुला राशि वालों को लाभ होगा और धन में वृद्धि के योग हैं। आप किसी तीर्थयात्रा का प्लान बना सकते हैं। दोस्तों की मदद के लिए पैसे का इंतजाम करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों का दिन किसी तरह का सुधार करने में बीतेगा। आप किसी प्लान में कुछ बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं और उस पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

**धनु :** धनु राशि वालों को करियर के मामले में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए। तनाव कम करने के लिए आप किसी मनोरंजक यात्रा पर जा सकते हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का फायदा मिलेगा।

**मकर :** मकर राशि वालों को करियर में लाभ होगा और जिन कामों में आप अपना दिमाग लगाएंगे, उनमें आपको सफलता मिलेगी। सभी कामों में अच्छा रिजल्ट मिलेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को लाभ होगा और आपके कार्यक्षेत्र का माहौल अच्छा रहेगा। रूखा व्यवहार करने वाला व्यक्ति नजरों से दूर रहेगा और माहौल हल्का-फुल्का और मनोरंजक रहेगा।

**मीन :** मीन राशि वालों का दिन मिलाजुला रहेगा। मुश्किल हालात में मन परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का विश्वास जीतना जरूरी होगा। कुछ जरूरी खर्चे भी सामने आएंगे।

## विदेश की खबरें

### उत्तरी सीरिया में कार बम विस्फोट में 19 लोगों की मौत

**दमिश्क :** सीरिया के एक उत्तरी शहर के बाहरी इलाके में सोमवार को एक कार बम विस्फोट में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्वास्थ्यकर्मियों ने यह जानकारी दी। मनबीज शहर के बाहरी इलाके में कृषि श्रमिकों को ले जा रहे एक वाहन के पास एक कार में विस्फोट हो गया। अस्पताल कर्मचारी मोहम्मद अहमद ने बताया कि 17 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई तथा इनके अलावा 15 महिलाएं घायल हुई हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। किसी भी समूह ने विस्फोट की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है। राष्ट्रपति बशर असद के दिसंबर में अपदस्थ होने के बाद भी पूर्वोत्तर अलेप्पो प्रांत के मनबीज में हिंसा की घटनाएं होती रहती हैं।

### राष्ट्रपति ट्रंप यूएसएआईडी को बंद करने के लिए सहमत: एलन मस्क



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार और टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क का कहना है कि अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) बंद होने के कगार पर है। मस्क ने सोमवार को 'एक्स' पर कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति के साथ यूएसएआईडी के बारे में विस्तार से बात की है। मस्क ने कहा, 'उन्होंने (ट्रंप) सहमति जताई कि हमें इसे बंद कर देना चाहिए।' मस्क ने यह भी कहा कि यह स्पष्ट हो गया कि इस एजेंसी की कार्यप्रणाली को ठीक नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, 'इससे छुटकारा पाना होगा। हम इसे बंद कर रहे हैं।' उनकी यह टिप्पणी प्रशासन द्वारा यूएसएआईडी के दो शीर्ष सुरक्षा प्रमुखों को छुट्टी पर भेजे जाने के बाद आई। छुट्टी पर भेजे गए अधिकारियों ने प्रतिबंधित क्षेत्रों के बारे में गोपनीय सामग्री को मस्क की सरकारी निरीक्षण टीम को सौंपने से इनकार कर दिया था। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि मस्क के सरकारी कार्यदक्षता विभाग, जिसे 'डॉग' के नाम से जाना जाता है, के सदस्यों को अंततः शनिवार को सहायता एजेंसी की वर्गीकृत जानकारी तक पहुंच प्राप्त हो गई, जिसमें खुफिया रिपोर्ट भी शामिल हैं। मस्क की 'डॉग' टीम के पास उस सूचना को हासिल करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा मंजूरी नहीं थी, इसलिए यूएसएआईडी के दो सुरक्षा अधिकारियों जॉन वूरहीस और ब्रायन मैकगिल ने कानूनी रूप से उस सूचना को मुहैया कराने से इनकार किया था। इस खबर के बारे में मस्क ने रविवार को 'एक्स' पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'यूएसएआईडी एक आपराधिक संगठन है। इसे खत्म करने का समय आ गया है।' इसके बाद उन्होंने एजेंसी के बारे में 'एक्स' पर कई पोस्ट किए।

### पाकिस्तान में जनवरी 2025 में आतंकवादी हमले तेजी से बढ़े

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में जनवरी 2025 में आतंकवादी हमलों में तेजी से वृद्धि हुई और यह पिछले महीने की तुलना में 42 प्रतिशत अधिक है। एक 'थिंक टैंक' ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआइसीएसएस) द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए 'डॉन' अखबार ने सोमवार को बताया कि देश भर में कम से कम 74 आतंकवादी हमलों में 91 लोगों की मौतें हुईं, जिनमें 35 सुरक्षाकर्मी, 20 नागरिक और 36 आतंकवादी शामिल हैं। वहीं, 117 घायलों की सूची में सुरक्षा बल के 53 जवान, 54 नागरिक और 10 आतंकवादी शामिल हैं। रिपोर्ट में यह रेखांकित किया गया है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में जनवरी में 185 आतंकवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही जनवरी, आतंकवादियों के मारे जाने के मामले में दूसरा सबसे घातक महीना बन गया। वर्ष 2016 के बाद से, एक महीने में मारे गए आतंकवादियों की सबसे अधिक संख्या दिसंबर 2024 में रही थी, जब सुरक्षा बलों ने 190 आतंकवादियों को मार गिराया था। जनवरी में आतंकवादी हमलों और सुरक्षा बलों के अभियानों में कुल 245 लोगों की मौत हुई, जिनमें 185 आतंकवादी, 40 सुरक्षा कर्मी और 20 नागरिक शामिल थे।

## वर्ग पहेली नं. 2995

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | ■ | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 13 | | ■ | | ■ | 14 | |
| 15 | | | | | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 16 | | 17 | 18 | |
| 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | 22 | | ■ |
| | ■ | 23 | | | ■ | 24 | | ■ | 25 |
| 26 | | | ■ | 27 | | ■ | 28 | | |

*बायें से दायें:-* 1) लक्ष्यच्युत; अनुत्तीर्ण *(शिक्षार्थी)*; टॉय टॉय फिस; नाकामयाब; पराजित, 7) केश, 8) यानछत, 9) अनुर्वर; ऊसर *(भूमि)*, 11) थोड़ा गरम; गुनगुना, 13) पत्नी; स्त्री, 14) भटकती आत्मा; *घोस्ट*, 15) नभचर, 16) संन्यास का एक भेद जिसमें प्रतिज्ञा की जाती है कि हम अंत तक निर्धारित भू-भाग में ही रहेंगे, 19) आँख मुँदना; एक धातु, 20) बागडोर, 22) एक मसाला, 23) कवि, 24) बेसन की पक्व सिवइयाँ, 26) मादक, 27) नीचे, 28) वषमिघ.

*ऊपर से नीचे:-* 2) घड़ियाल; एक राशि, 3) खसोट; छीन, 4) देहशैथिल्य, 5) चुनना, 6) दुष्कर्म; शरारत, 10) मर्दुमशुमारी; *सैंसस*, 11) पाँच साल तक का बालक, 12) महाभारतीय युद्धभूमि *(हरियाणा)*, 13) *हिंदी में रीडिंग रूम*, 16) कुशल, 17) अमृतमूरि; जीवनप्रद जड़ीबूटी *(रामायण)*, 18) असामान्य; अनुपम, 19) ज़ीना; सीढ़ी, 21) नष्ट; विलुप्त *(जीव)*, 23) सभागार; भवन; स्थान; संग्रहालय, 25) कम; कुछ.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ई | र्ष्या | ■ | भा | षां | त | र | ■ | मं | दा |
| मा | ■ | धा | नु | ■ | त्वा | ■ | न | ग | दी |
| न | ग | मा | ■ | पा | व | ■ | ■ | ल | ■ |
| दा | ■ | का | या | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह |
| री | छ | ■ | च | ल | न | ■ | वी | र | ■ |
| ■ | त | ल | क | ■ | ■ | प | ण | ■ | ब |
| अ | ■ | बा | ■ | अ | क | ड़ | ■ | नु | क़्स |
| ल | प | ल | पा | ना | ■ | ता | ल्लु | क़ | ■ |
| ग | ■ | ब | ■ | ड़ी | ■ | ल | ■ | ता | ऊ |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2955

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 6 | | | | 9 | |
| 1 | | | | 8 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | 5 | 7 | | | | |
| | | | | | 2 | 1 | | |
| | | | | | | 4 | | 8 |
| 7 | | 1 | | | | | | |
| | | | 3 | | | | 5 | |
| 4 | | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 2954 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 8 | 9 | 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 4 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 3 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 1 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 5 | 8 | 9 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 |

# राज्य में कई जगहों पर सरस्वती पूजा में बाधा, देवी की प्रतिमा तोड़ने का आरोप

## अनेक जगहों पर पुलिस की पहरेदारी में आयोजित की गई पूजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सोमवार को कई जगहों पर सरस्वती पूजा में बाधा देने की घटनाएं घटी हैं। नदिया जिले के चापड़ा के कलिंग इलाके में देवी सरस्वती की प्रतिमा को तोड़ दिया गया और आरोप एक विशेष समुदाय से जुड़े लोगों पर लगा है। हालांकि, पुलिस घटना की जांच कर रही है। वहीं, इसी समुदाय से जुड़े लोगों की आपत्तियों के कारण हुगली जिले के बलाई बेड़िया स्कूल में सरस्वती पूजा रोक दी गई। बीरभूम जिले के बोलपुर में एक स्कूल में विशेष समुदाय की आपत्तियों के कारण पूजा आयोजित नहीं की गई। इसे लेकर छात्रों के अभिभावकों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया। यहां हालात को संभालने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) को उतारना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक, नदिया जिले के हरिनघाटा में एक प्राथमिक विद्यालय में सरस्वती पूजा का आयोजन नहीं करने की धमकी दी गई थी। आरोप तृणमूल बूथ अध्यक्ष अलीमुद्दीन मंडल पर लगा है।

हालांकि, स्थानीय लोगों के भारी विरोध के बाद यहां पूजा आयोजित की गई। इसके अलावा, अनेक जगहों पर पुलिस की पहरेदारी में पूजा आयोजित की गई। पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम में एक मुस्लिम बहुल इलाके में स्थित एक कॉलेज, हावड़ा के उलुबेड़िया में स्थित एक स्कूल समेत जिलों के अनेक शिक्षण प्रतिष्ठानों में पुलिस की निगरानी में सरस्वती पूजा की गई। बता दें कि रविवार को कोलकाता के जोगेश चंद्र चौधरी ला कालेज में सरस्वती पूजा को लेकर विवाद हुआ था। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु को कालेज के छात्रों के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा।

### हिंदू आस्था पर सीधा हमला : शुभेंदु अधिकारी



**वहीं, इन घटनाओं पर बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि बंगाल में मुस्लिम सरस्वती पूजा में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। यह हिंदू आस्था पर सीधा हमला है। मुख्यमंत्री ने बंगाल को बांग्लादेश बना दिया है।**

# बाघाजतिन में इमारत झुकने की घटना में हरियाणा से इंजीनियरिंग फर्म का प्रमुख गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बाघाजतिन में इमारत झुकने की घटना में इस बार एक इंजीनियरिंग फर्म के प्रमुख को गिरफ्तार किया गया है। नेताजी नगर पुलिस ने सोमवार की सुबह हरियाणा से अभिषेक नागरा नाम के इस व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पता चला है कि अभिषेक की कंपनी बाघाजतिन के झुके हुए फ्लैट को सीधा करने की जिम्मेदारी ली थी। लेकिन, यह काम नहीं किया। इसके विपरीत, निवासियों के जीवन पर बड़ी आपदा आ गयी है। काम में इतनी लापरवाही क्यों? पुलिस अभिषेक को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ करना चाहती है ताकि यह पता लगाया



जा सके कि उसे यह काम किसने सौंपा था। उल्लेखनीय है कि गत 14 जनवरी को बाघाजतिन के विद्यासागर कॉलोनी में एक बहुमंजिला इमारत झुक गई। बताया गया था कि फ्लैट पहले से ही झुका हुआ था। प्रमोटर को सूचित करने के बाद, उन्होंने कथित तौर पर बहुमंजिला इमारत को सीधा करने के लिए हरियाणा की एक कंपनी को यह काम सौंपा। निवासियों ने शिकायत की कि वे न केवल काम करने में असमर्थ रहे, बल्कि खतरा भी बढ़ा दिया। घटना के दो दिन बाद मेयर व मंत्री फिरहाद हकीम ने क्षेत्र का दौरा किया और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ इस मामले पर चर्चा की तथा अपना रोष व्यक्त किया। सूत्रों के अनुसार, कंपनी का प्रमुख अभिषेक नागरा दुर्घटना के बाद से फरार था। नेताजी नगर पुलिस स्टेशन ने उसकी तलाशी शुरू की। अभिषेक को अंततः हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि इससे पहले पुलिस ने प्रमोटर सुभाष रॉय को बक्खाली से गिरफ्तार किया था। वह अभी भी पुलिस हिरासत में है।

# बंगाल में 12 लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने संबंधी एक मामला सुप्रीम कोर्ट में खारिज

## छह जनवरी को प्रमाण पत्र रद्द करने को लेकर दायर हुआ था मामला

**नई दिल्ली/कोलकाता :** बंगाल में 12 लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने से संबंधित एक मामले को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने का मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। हाल ही में, इस संबंध में एक नया मामला दर्ज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसी वर्ष छह जनवरी को ओबीसी प्रमाण पत्र को लेकर दायर एक मामले को खारिज कर दिया। 31 जनवरी को जस्टिस बीआर गवई और आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने उस मामले में कहा था कि ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 22 मई को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजशेखर



मंथा और न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती की खंडपीठ ने बंगाल में करीब 12 लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द कर दिए थे। हाईकोर्ट ने कहा था कि ये प्रमाण पत्र 2010 से तय प्रक्रिया के अनुसार नहीं बनाए गए हैं। राज्य सरकार उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। बाद में, पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी फैसले को चुनौती दी। उस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। अगली सुनवाई 18 फरवरी को होनी है। इन मामलों की सुनवाई भी न्यायमूर्ति गवई की पीठ द्वारा की जा रही है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में नया दायर मामला खारिज कर दिया है। अवनीकुमार घोष नामक एक अन्य व्यक्ति ने भी छह जनवरी को कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए एक नया मामला दायर कर दिया। इस मामले में कुल तीन पक्ष हैं। राज्य सरकार, पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग और अमल कुमार दास। नए मामले में शीर्ष अदालत ने कहा है कि वह हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप नहीं करेगी और मामले को खारिज कर दिया।

# रेलवे बजट 2025 में बंगाल के लिए 13,955 करोड़ रुपये आवंटित

❑ **बंगाल में ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 3,337 किलोमीटर ट्रैक को कवच प्रणाली से किया जाएगा कवर**

**कोलकाता :** रेलवे बजट 2025 के तहत बंगाल के लिए 13,955 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को रेलवे बजट 2025 पर एक वेब कांफ्रेसस को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि 2009-2014 की अवधि की तुलना में आवंटन में तीन गुना वृद्धि हुई है। रेलवे की ओर से दावा किया गया है कि वर्ष 2009-14 के बीच तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने बंगाल को महज 4380 करोड़ रुपये ही आवंटित कि थे और वर्तमान मोदी सरकार ने सिर्फ 2025-26 के लिए 13,955 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।



वैष्णव ने बताया कि राज्य में वर्तमान में रेलवे का 68,000 करोड़ रुपये का निवेश है। उन्होंने बंगाल सरकार से भूमि अधिग्रहण और कानून व्यवस्था के मुद्दों को हल करने का अनुरोध किया ताकि इन निवेशों और परियोजनाओं का लाभ जल्द से जल्द नागरिकों तक पहुंच सके। मंत्री ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बंगाल में 101 स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और पिछले 10 वर्षों में राज्य में लगभग 1290 किलोमीटर ट्रैक जोड़े गए हैं। इसके अलावा, कोलकाता मेट्रो ने 1972 से 2014 के दौरान 28 किलोमीटर ट्रैक बने थे, जबकि पिछले 10 वर्षों में 31 किलोमीटर का विस्तार किया गया है। वैष्णव ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की बंगाल के लोगों और संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता, भक्ति और सम्मान के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि बंगाल में ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 3,337 किलोमीटर ट्रैक को कवच प्रणाली से कवर किया जाएगा। देश के बाकी हिस्सों की तरह, बंगाल को जल्द ही नमो भारत और वंदे भारत स्लीपर सहित कई अन्य नई रेलवे परियोजनाएं और ट्रेनें मिलेंगी, जो अगले पांच वर्षों में रेल यात्रा में क्रांति ला देंगी।

# अभिषेक बनर्जी की 'सेवाश्रय' स्वास्थ्य पहल जारी रहेगी और डेढ़ महीने


❑ **एक माह में 5.5 लाख लोगों ने उठाया लाभ**



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी की स्वास्थ्य सेवा पहल 'सेवाश्रय' एक महीने पूरे करने के बाद अब अगले डेढ़ महीने तक जारी रहेगी। पार्टी ने इसकी जानकारी दी है। खबरों की माने तो एक माह में लगभग 5.5 लाख लोगों ने यह सेवा प्राप्त की है। बता दें कि यह अभियान दो जनवरी को आमतला में शुरू हुआ था और अब तक सात विधानसभा क्षेत्रों, 71 ग्रामीण ग्राम पंचायतों और 93 शहरी वार्डों में 23 लाख लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा चुका है। इस पहल के तहत 1,200 डॉक्टर, 500 डायग्नोस्टिशियन, 1,500 स्वयंसेवक और 12 रेफरल अस्पताल शामिल हैं, जो जरूरतमंदों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा नीतिगत दस्तावेजों या चुनावी चक्रों का इंतजार नहीं कर सकती। इसके लिए तत्परता, प्रतिबद्धता और सेवा का अटूट संकल्प जरूरी है। 'सेवाश्रय' वही दर्शाता है। यह रुकता नहीं, धीमा नहीं पड़ता और कभी कम पर समझौता नहीं करता।

# आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के द्वितीय वर्ष की छात्रा का शव कमरे में लटका मिला

**कोलकाता :** बंगाल में आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के द्वितीय वर्ष की छात्रा का शव बैरकपुर स्थित उसके कमरें में फंदे से लटका मिला। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आइवी प्रसाद यहां कमारहाटी ईएसआई अस्पताल के आवासी परिसर में रहती थी और उसकी मां इस अस्पताल में चिकित्सक हैं। उन्होंने बताया कि बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय के कमारहाटी पुलिस थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि वह अपनी मां के फोन का कोई जवाब नहीं दे रही थी, जिसके बाद बृहस्पतिवार को उसका शव



बरामद किया गया और अगले दिन राजकीय सागर दत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। पिछले वर्ष नौ अगस्त को आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक स्नातकोत्तर महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए था।

# सलाहकार एजेंसी को टिकट के लिए पार्टी के लोगों ने 50 लाख रुपये तक दिए : मदन मित्रा

## तृणमूल विधायक ने नाम लिए बगैर आइपैक पर साधा निशाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व विधायक मदन मित्रा ने सोमवार को राजनीतिज्ञ प्रशांत किशोर द्वारा स्थापित चुनावी सलाहकार एजेंसी आइपैक का नाम लिए बगैर विस्फोटक दावा करते हुए कहा कि टिकट के लिए पार्टी के लोगों ने एक एजेंसी को 25 से 50 लाख रुपये तक दिए थे। आइपैक के जरिए ही पार्टी में भ्रष्टाचार की शुरुआत हुई है। मित्रा ने कहा कि पार्टी में भारी मात्रा में धन का लेनदेन हो रहा है। पार्टी में कई लोग रातोंरात अरबपति बन गए हैं। पूर्व मंत्री ने आइपैक की



आलोचना करते हुए कहा कि उनके लोग पार्टी नेताओं को हर कदम पर अपनी सलाह दे रहे थे। यानी उन्हें कब क्या करना चाहिए। एजेंसी ने यह सब पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी की जानकारी के बिना किया। एजेंसी के क्रियाकलापों से ममता की छवि खराब हुई है। मित्रा ने कहा कि जिन लोगों ने एजेंसी को पैसे दिए थे, उनमें से किसी को भी टिकट नहीं मिला। अब वे शर्मिंदा हैं। इस बारे में वे किसी को कुछ बता भी नहीं सकते। उनमें कई बड़े नाम हैं। मित्रा ने कहा कि कोई मंत्री बनने के लिए 10 करोड़ रुपये दे रहा है। पार्टी में जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक पैसों का खेल चल रहा है। तृणमूल विधायक ने आगे कहा कि पार्टी में आने से पहले हमें इस तरह से पैसों की जरूरत नहीं होती थी।

# कोलकाता हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण 22 उड़ानों की आवाजाही प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता हवाई अड्डे पर घने कोहरे के बीच दृश्यता कम हो जाने के कारण सोमवार को कम से कम 22 उड़ानों की आवाजाही प्रभावित हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे पर आने वाली कम से कम छह उड़ानों और अन्य स्थानों के लिए रवाना होने वाली 16 उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के प्रवक्ता के अनुसार, रविवार की रात 1.21 बजे से सोमवार की सुबह 8.45 बजे तक कोहरे के कारण कम दृश्यता प्रक्रिया (एलवीपी) लागू की गई।

अधिकारी ने बताया कि सोमवार को उड़ान परिचालन में और अधिक देरी टल गई, क्योंकि दृश्यता की स्थिति में परिवर्तन आने पर एलवीपी के दौरान इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) की मदद से 33 आगमन वाली उड़ाने और 44 प्रस्तान करने वाले विमानों का परिचालन किया गया।

इसके अलावा, कुल 33 उड़ानों ने लैंडिंग के लिए या तो श्रेणी-द्वितीय (कैट-द्वितीय) आईएलएस या कैट-तृतीय आईएलएस का इस्तेमाल किया जबकि 44 विमानों ने एलवीपी के दौरान कम दृश्यता टेक-ऑफ (एलवीटीओ) का विकल्प चुना।

उल्लेखनीय है कि गत रविवार को कोहरे के बीच खराब दृश्यता के कारण कोलकाता हवाई अड्डे पर कुल 13 उड़ानों के आगमन तथा प्रस्थान में देरी हुई।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ई-टेंडर/2025/01/1, दिनांक 31.01.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे से पहले** ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा **अपराह्न 3.30 बजे** खोली जाएंगी: **निविदा सं.: ई-केजीपीडब्ल्यू-डीईएन-23-2024, कार्य का विवरण:** कैरेज शॉप, खड़गपुर वर्कशॉप के स्प्रिंग सेक्शन का विस्तार। **निविदा मूल्य:** रु. 99,12,177.48, **बयाना राशि:** रु. 1,98,300; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीने। **खुलने की तारीख:** 13.02.2025; **बोली शुरू होने की तारीख:** 30.01.2025 से 13.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-1093)**

# मध्यग्राम में एसओजी की छापेमारी, 3.97 लाख मूल्य के जाली नोट बरामद, एक गिरफ्तार

**कोलकाता**

2 फरवरी की सुबह, गुप्त सूचना के आधार पर अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) पश्चिम बंगाल की एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप) टीम ने थाना मध्यग्राम, जिला उत्तर 24 परगना के अंतर्गत एक विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 3,97,000 मूल्य के जाली भारतीय मुद्रा नोट बरामद किए गए। छापेमारी के दौरान, आरोपी रतन सरकार (50 वर्ष), निवासी थाना बैष्णबनगर, जिला मालदा को गिरफ्तार किया गया। रतन सरकार जाली नोटों के साथ अन्य संदिग्ध सामग्रियों को लेकर मध्यग्राम पहुंचा था। पुलिस ने सभी जब्त वस्तुओं को सील कर लिया और आरोपी को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में थाना मध्यग्राम में केस संख्या 77/25, दिनांक 02.02.2025, भारतीय दंड संहिता की धारा 179/180/61 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच एसओजी सेल को सौंपी गई है।

गिरफ्तार आरोपी को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, बारासात की अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने उसे रिमांड पर लेने की प्रार्थना की है। एसओजी टीम इस मामले से जुड़े अन्य संभावित आरोपियों और जाली नोटों के नेटवर्क की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जाली नोटों की तस्करी में आरोपी के बड़े गिरोह से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। आगे की जांच जारी है।

# कोलकाता में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, ऑस्ट्रेलिया में लोगों से ठगी करने वाले 10 आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस की एंटी बैंक फ्रॉड सेक्शन (डीडी) और साइबर पुलिस स्टेशन की टीम ने एक बड़े फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। इस कॉल सेंटर से ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा था। पुलिस ने 2 फरवरी 2025 को कोलकाता के नेताजी नगर इलाके में स्थित एक कार्यालय पर छापा मारा, जहां से 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह वीओआईपी कॉल के जरिए खुद को एंटी-वायरस कंपनियों का कर्मचारी बताकर विदेशी नागरिकों को ठग रहा था। ये लोग 'टेक सपोर्ट' के नाम पर उन्हें रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड करवाते और फिर उनके बैंक खातों से बड़ी रकम उड़ा लेते थे।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल शॉ, शंखदीप रॉय चौधरी, सौरव सिंह, देबोजित साहा, सम्राट बायन, स्वगतो बाग, अनुराग बनर्जी, शुभो दास, चंचल बिस्वास और अब्दुल सलाम के रूप में हुई है। सभी आरोपियों की उम्र 23 से 38 वर्ष के बीच है और ये विभिन्न इलाकों के रहने वाले हैं।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने इस फर्जी कॉल सेंटर से एक लैपटॉप, तीन हार्ड डिस्क, पांच चेक बुक, दस मोबाइल फोन, 2.10 लाख रुपये नकद, डेस्कटॉप के स्क्रीनशॉट और ठगी में इस्तेमाल किए जाने वाले स्क्रिप्ट बरामद किए हैं।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों को नेताजी नगर पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां पूरी कार्यवाही दर्ज की गई। इसके बाद साइबर पुलिस स्टेशन, कोलकाता में एक मामला दर्ज कर लिया गया। सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस उनकी रिमांड की मांग करेगी ताकि इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके।

कोलकाता पुलिस के अनुसार, इस गिरोह का नेटवर्क काफी बड़ा हो सकता है और अन्य शहरों में भी ऐसे फर्जी कॉल सेंटर संचालित होने की आशंका है। पुलिस अब इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि साइबर ठगी से जुड़े अन्य आरोपियों को भी पकड़ा जा सके।

# आरजीकर मामले में पीड़ित परिवार ने फिर से सुनवाई की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या के मामले में पीड़ित परिवार ने फिर से सुनवाई की मांग की है। बता दें कि आगामी बुधवार को हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई है। इसी दिन, पीड़ित परिवार के वकील मामले की फिर से सुनवाई की मांग करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, पीड़ित परिवार मामले को हाईकोर्ट में लौटाना चाहता है। इसके लिए वे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रहे हैं। पीड़िता के पिता का दावा है कि इस घटना में सिर्फ संजय राय ही एकमात्र दोषी नहीं है, बल्कि कई और लोग शामिल हैं। संजय को अकेले फांसी देने से समस्या हल नहीं होगी। हम चाहते हैं कि असली अपराधी सामने आएं और सभी को सजा मिले। तभी इस मामले में सही न्याय होगा। पुलिस और सीबीआई जांच में लुका-छिपी का खेल खेल रही हैं। उल्लेखनीय है कि कोलकाता के सियालदह कोर्ट ने पिछले दिनों इस मामले में एकमात्र दोषी संजय राय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, सीबीआई तथा बंगाल सरकार ने संजय राय की फांसी की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उनकी मांगों पर पांच फरवरी को सुनवाई होगी।

**हावड़ा-प्रयागराज रामबाग-हावड़ा विभूति एक्सप्रेस की सेवा पुनर्बहाल**

**12333 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 03.02.2025 एवं 04.02.2025) तथा **12334 प्रयागराज रामबाग-हावड़ा विभूति एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 04.02.2025 एवं 05.02.2025), जो पहले संचालनगत कारणों से निरस्त कर दी गई थीं, अब संबंधित ट्रेनों की सेवाएं पुनर्बहाल की जाएंगी। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सरस्वती प्रतिमा का दर्शन कर लौट रहे नदिया में चार युवकों की सड़क हादसे में मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कंथालिया इलाके में रविवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की मौत से मातम फैल गया। पुलिस व स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त घटना करीमपुर थाना अंतर्गत कनाईखाली में घटी। मृतकों के नाम सुमन मंडल, तन्मय बिस्वास, दीप मंडल और मनीष बिस्वास हैं, जो सभी तेहट्टा थाना के चिटका अतुल्य नगर इलाके के निवासी थे। मृतकों की उम्र 16 से 18 वर्ष के बीच है। हालांकि, स्थानीय सूत्रों ने बताया कि उपरोक्त चारों युवक नशे में थे। वे चारों एक ही बाइक पर तेज गति से सवार थे। संभवतः




घने कोहरे के कारण वे देख नहीं सके।

इसलिए उसने नियंत्रण खो दिया और बाइक दुकान में जा घुसी और भीषण हादसा हुआ। उक्त लोग सरस्वती प्रतिमा के दर्शन करके लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी बाइक करीमपुर थाना अंतर्गत कनाईखाली में अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक पहले एक लॉरी से टकराई और फिर एक बंद दुकान के शटर से टकराई, जिससे चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत नाजिरपुर ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां दो को मृत घोषित कर दिया गया। बाकी दो को पहले तेहट्ट महकमा अस्पताल और फिर कृष्णानगर शक्तिनगर जिला अस्पताल में भेजा गया, लेकिन उनकी भी मौत हो गई।

शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और पोस्टमार्टम के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया जाएगा। परिजन गांव में शवों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# मैनहोल में तीन श्रमिकों की मौत मामले में ठेकेदार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस ने कोलकाता लेदर कॉम्प्लेक्स में भूमिगत सीवेज लाइन की सफाई कर रहे तीन दिहाड़ी श्रमिकों की मौत के सिलसिले में सोमवार को एक ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त का नाम अलीमुद्दीन शेख है। वह इन कामों के लिए विभिन्न जिलों से मजदूरों को काम पर रखने के लिए जिम्मेदार था। इस दिन, अलीमुद्दीन शेख को बारुइपुर अदालत में पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि गत रविवार को सफाई के लिए एक मजदूर मैनहोल में घुसने के बाद बीमार पड़ गया, जिससे अन्य दो ने बचाव का प्रयास किया, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुमन सरदार, फरजाम शेख और शेख हशीबुर के रूप में हुई है। घटना के बाद



कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच के आदेश दिए, जिसके बाद बनतला थाने में मामला दर्ज किया गया। बता दें कि यह घटना सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोलकाता सहित कई प्रमुख शहरों में मैनुअल स्कैवेंजिंग और मैनुअल सीवर सफाई पर प्रतिबंध लगाने के ठीक चार दिन बाद हुई। बचाव अभियान में 10 फीट गहरे मैनहोल से शवों को निकालने के लिए गोताखोरी के सामान से लैस श्रमिकों को शामिल किया गया।



# स्कूल भर्ती घोटाले में चार एसएससी अधिकारियों के खिलाफ मिले नए सबूत

## सीबीआई के बाद ईडी ने दाखिल किया आरोपपत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल भर्ती घोटाले में चार पूर्व शीर्ष अधिकारियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इनके खिलाफ नए सबूत मिले हैं, जो घोटाले में उनकी सीधी संलिप्तता को दर्शाते हैं। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने इन नए सबूतों को एक पूरक आरोपपत्र में शामिल कर लिया है, जिसे गत शनिवार को कोलकाता की एक विशेष अदालत में दायर किया गया। आरोपितों में पश्चिम



बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली, पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) की स्क्रीनिंग कमेटी के पूर्व प्रमुख, डब्ल्यूबीएसएससी के पूर्व अध्यक्ष और उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एस भट्टाचार्य और डब्ल्यूबीएसएससी के पूर्व सचिव अशोक कुमार साहा शामिल हैं। ईडी के नए आरोपपत्र में विशेष रूप से इन अधिकारियों की कथित मिलीभगत को उजागर किया गया है, जिसमें आरोपित दलाल प्रसन्ना रॉय के साथ उनके संबंधों का भी विस्तृत विवरण दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इसके अलावा, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी इस घोटाले की अलग से जांच कर रहा है। ईडी द्वारा अब तक दायर चार्जशीट में कुल 53 लोगों को आरोपित बनाया गया है, जिसमें 29 व्यक्ति और 24 कंपनियां व ट्रस्ट शामिल हैं। इन चार अधिकारियों के अलावा, पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी और उनके दामाद कल्याणमय भट्टाचार्य भी इस मामले में आरोपित हैं। ईडी के आरोपपत्र में बबली चटर्जी मेमोरियल ट्रस्ट का भी नाम शामिल है, जिसे पार्थ चटर्जी की दिवंगत पत्नी के नाम पर बनाया गया था। आरोप है कि घोटाले की अवैध कमाई को इस ट्रस्ट के माध्यम से दान के रूप में दिखाकर हेरफेर किया गया।

# राज्य ने गुइलेन बैरे सिंड्रोम से मौतों को रोकने के लिए उठाए कदम, सभी अस्पतालों को चेतावनी जारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में गुइलेन बैरे बीमारी के मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिसे देखते हुए राज्य स्वास्थ्य विभाग ने जरूरी कदम उठाए हैं। इस बीमारी से निपटने के लिए रविवार रात को एक विशेष ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम के नेतृत्व में न्यूरोलॉजिस्ट, पीडियाट्रिक स्पेशलिस्ट, क्रिटिकल केयर और मेडिसिन एक्सपर्ट्स ने हिस्सा लिया। बैठक में गुइलेन बैरे से प्रभावित होकर किसी की मौत न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया गया और



अस्पतालों को तैयार रहने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि यदि मरीजों की संख्या बढ़ती है, तो अस्पतालों की व्यवस्थाओं को कैसे तैयार रखा जाए। स्वास्थ्य विभाग ने कोलकाता के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में न्यूरोलॉजी विभाग में दो-दो सीसीयू बेड और बच्चों के लिए पेडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट में दो बेड तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, इलाज के दौरान अनावश्यक इंट्रावेनस इम्यूनो ग्लोबुलिन और प्लाज्मा थेरेपी से बचने की सलाह दी गई है, ताकि दवाओं की कमी न हो। इसके साथ ही अस्पतालों को यह निर्देश दिया गया है कि वे गुइलेन बैरे से प्रभावित रोगियों की जानकारी स्वास्थ्य भवन को तुरंत भेजें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उठाए गए इन कदमों से इस गंभीर बीमारी पर नियंत्रण पाने और मरीजों को समय पर उपचार देने की उम्मीद जताई जा रही है।

### इसुजु मोटर्स इंडिया ने भारत में 4 नए टच पॉइंट्स लॉन्च किए

**कोलकाता :** इसुजु मोटर्स इंडिया ने अपनी मौजूदगी बढ़ाते हुए इंदौर और पटना में दो नई 3एस (सेल्स, सर्विस, स्पेयर्स) डीलरशिप और खम्मम (तेलंगाना) व रत्नागिरी (महाराष्ट्र) में दो नए ऑथराइज्ड सर्विस सेंटर्स (एएससी) का उद्घाटन किया। 72 स्थानों तक फैले अपने नेटवर्क के साथ, इसुजु ग्राहकों के करीब रहने और बेहतरीन सेवा देने के अपने संकल्प पर कायम है। इंदौर में सागर इसुजु और पटना में इम्पीरियल इसुजु के माध्यम से कंपनी ने बिहार में प्रवेश किया है। प्रेसिडेंट एवं एमडी, राजेश मित्तल ने कहा कि यह विस्तार इसुजु ब्रांड की प्रगति को दर्शाता है। डिप्टी एमडी, तोरु किशिमोतो ने कहा कि नई फैसिलिटीज ग्राहकों को बेहतर सेल्स और सर्विस अनुभव देंगी।

## बांकुड़ा में खेत में मिला आदिवासी युवती का शव, एक युवक हिरासत में

### दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**बांकुड़ा :** जिले के छतना थाना के झांटीपहाड़ी इलाके में एक आदिवासी युवती की शव बरामद की गई, जो अपनी बकरियां चराते समय लापता हो गई थी। बताया गया है कि युवती शनिवार की शाम को अपने घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। उसके न आने पर परिवार और स्थानीय लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की, और रात में उसका शव एक खेत में पाया गया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को बरामद किया। शव को रविवार को पोस्टमार्टम के लिए बांकुड़ा सम्मिलनी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेजा गया। प्रथम दृष्टया पुलिस ने माना कि युवती की गला घोंटकर हत्या की गई है, हालांकि दुष्कर्म की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही हो सकेगी। पुलिस ने सोमवार को इलाके में जाकर जांच शुरू की, नमूने एकत्र किए और इलाके के एक युवक को हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया। कई सवाल उठ रहे हैं जैसे कि क्या उस युवक का युवती के साथ कोई संबंध था और वह खेत में क्यों गई थी। मृतक की मां ने सुबह में थाने में हत्या की लिखित शिकायत दर्ज कराई। इस घटना ने इलाके में तनाव बढ़ा दिया है, और लोगों में भय का माहौल है।

## कृष्णनगर-लालगोला सेक्शन में दो लिमिटेड हाइट सबवे सफलतापूर्वक किए गए स्थापित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कृष्णनगर-लालगोला सेक्शन में एक साथ दो लिमिटेड हाइट सबवे सफलतापूर्वक स्थापित किए हैं। यह उपलब्धि 02 फरवरी को प्राप्त की गई, जब इन दोनों एलएचएस को पहले बार खुले कट बॉक्स इंसर्शन में शीट पाइलिंग तकनीक का उपयोग करते हुए स्थापित किया गया। एलएचएस रेलवे नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा घटक है, जो वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए रेलवे ट्रैक के नीचे सुरक्षित क्रॉसिंग प्रदान करता है। यह कार्य शीट पाइलिंग तकनीक का उपयोग करके किया गया, जो बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और मजबूती को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाती है।



शीट पाइलिंग विधि पृथ्वी की मजबूती बनाए रखते हुए, जल प्रवाह नियंत्रण और खुदाई कार्य में स्थिरता सुनिश्चित करती है। यह विधि ट्रैक डूबने और मिट्टी के स्थानांतरण के जोखिम को कम करने में मदद करती है, जो रेल ट्रैक के पास निर्माण कार्यों के लिए एक श्रेष्ठ विकल्प बनाती है। इसके अलावा, इस तकनीक से कामकाजी वातावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है, जिससे आसपास के क्षेत्र में व्यवधान कम होता है।

इस जटिल कार्य को सियालदह डिवीजन ने कृष्णनगर-लालगोला सेक्शन के दो व्यस्त लेवल क्रॉसिंग गेट्स (107 और 118) पर एक सप्ताह के रिकॉर्ड समय में पूरी तरह से बिना किसी यात्री सेवा में विघ्न डाले सफलतापूर्वक पूरा किया। एक साथ दो एलएचएस संरचनाओं का इंसर्शन स्तर क्रॉसिंग गेट्स को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक प्रमुख सुरक्षा खतरा और सड़क यात्री के लिए असुविधा का स्रोत होते हैं। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के. देउसकर के नेतृत्व में सियालदह डिवीजन रेलवे निर्माण में सर्वोत्तम सुरक्षा मानकों को बनाए रखकर नवाचार, टीमवर्क और कुशल जनशक्ति के माध्यम से काम कर रहा है।

## युवक के अपहरण का प्रयास, स्थानीय निवासियों ने किया विफल

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद में सोमवार को इच्छागंज चौराहे पर एक युवक के अपहरण के प्रयास के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में हजारदुआरी पैलेस से महज 200 मीटर दूर, कुछ युवकों ने लालगोला के रहने वाले मोहम्मद रबीउल इस्लाम को जबरन अपहरण करने की कोशिश की। घटना को देखकर स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया और अपहरणकर्ताओं को पकड़ने की कोशिश की।

हालांकि, पुलिस के आने पर अपहरणकर्ता भागने में कामयाब रहे। बताया गया है कि रबीउल इस्लाम, जो पेशे से ड्राइवर हैं, इस दिन, हजारदुआरी पैलेस घूमने आए थे। उन्हें फोन करके इच्छागंज इलाके में मिलने के लिए बुलाया गया था। जब वह वहां पहुंचे, तो अपहरणकर्ताओं ने उन्हें जबरन कार में बैठाने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने विरोध किया तो उनकी पिटाई की गई। प्रत्यक्षदर्शी जमाल शेख ने बताया कि घटना के समय वे इलाके में काम कर रहे थे। उन्होंने और अन्य लोगों ने अपहरणकर्ताओं को रोका। रबीउल इस्लाम ने कहा कि वह उन लोगों को नहीं जानते थे जिन्होंने उनका अपहरण करने की कोशिश की थी। उन्हें फोन करके लालगोला का निवासी बताया गया था, जिसके बाद वह मिलने गए। पुलिस के आने पर अपहरणकर्ता भाग गए, और रबीउल इस्लाम को पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया।

## पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के लिए रेलवे बजट में ऐतिहासिक वृद्धि



**दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा एसईआर मुख्यालय, गार्डन रीच में रेलवे के लिए बजट अनुदान (2025-26) के संबंध में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए।**

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय बजट 2025-26 में पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के लिए रेलवे के बजट अनुदान में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रेस बैठक को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे के लिए केंद्रीय बजट में ऐतिहासिक रूप से बड़ी राशि आवंटित की गई है। 2025-26 के बजट में पश्चिम बंगाल के लिए 13,955 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है, जबकि 2009 से 2014 तक औसतन 4,380 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ था। यह आवंटन लगभग तीन गुना अधिक है। झारखंड के लिए रेलवे आधुनिकीकरण और विस्तार हेतु 7,306 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो 2009 से 2014 तक के औसत आवंटन 457 करोड़ रुपये से 16 गुना अधिक है। ओडिशा के लिए 10,599 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो 2009 से 2014 तक के औसत आवंटन 838 करोड़ रुपये से 12.5 गुना अधिक है। इस कॉन्फ्रेंस के दौरान दपूरे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## मां वीणावादिनी के मंत्रोच्चार से भक्तिमय हुआ माहौल



**हावड़ा :** हावड़ा 22 उपज फाउंडेशन की ओर से मां वीणावादिनी की आराधना की गई। इसका आयोजन 22, एमसी घोष लेन, सद्गुरु अपार्टमेंट में किया गया।मौके पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने वंदना की। विधि विधान से पूजन पंडित कमलेश पाण्डेय ने करवाया। बाद में सभी में प्रसाद का भी वितरण किया गया। आयोजकों में राहुल राय, अमित ग्वाला, गणेश राउत, अभीक मुखर्जी, दुर्गेश कुमार राउत, पूजा जायसवाल व अन्य सक्रिय रहे।

## संकल्प सृष्टि शिक्षा रत्न सम्मान से राजभवन में सम्मानित हुए अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव

**कोलकाता :** प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था संकल्प सृष्टि द्वारा राजभवन में आयोजित सम्मान समारोह में हावड़ा के लब्ध प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. बी. बोस आनंद द्वारा शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी सरोज कुमार श्रीवास्तव अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन को अपनी दूरदर्शिता से आदर्श शिक्षण संस्थान में परिवर्तित करने का गौरव प्राप्त है और इनके कुशल नेतृत्व में इस विद्यालय में लगभग 5000 छात्राएँ एक सकारात्मक वातावरण में किताबी ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी क्षेत्र में हुए बदलाव पर भी अपनी पकड़ बनाए हुए है।छात्रायें सोलर लैंप ,ड्रोन, रोबोटिक, डिजिटल प्रिंटिंग, कोडिंग जैसे प्रोजेक्ट पर प्रशिक्षित हो रही हैं। विद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नृत्य संगीत और वाद्य यंत्र की निशुल्क शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल है। हावड़ा से लेकर कोलकाता में कई सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थान श्रीवास्तव का मार्गदर्शन, सकारात्मक सुझाव मानते है। इनका जीवन



और योगदान शिक्षा के क्षेत्र में और सामाजिक क्षेत्र में अनुकरणीय और प्रेरणास्पद है। साधारण परिवार में जन्मे शिक्षाविद् श्रीवास्तव अपनी प्रेरणा स्रोत अपनी माँ को मानते हैं, उनका कहना है कि आज वह जो कुछ भी हैं , उनके आदर्श व्यक्तित्व को उनकी माँ ने गढ़ा है।

### लेनोवो ने पूर्वी भारत में 8 नए स्टोर खोले, रिटेल उपस्थिति को मजबूत किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** लेनोवो ने पूर्व भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति को मजबूत करते हुए 8 नए स्टोर खोले हैं, जिससे अब इस क्षेत्र में इसके 50 से अधिक स्टोर हो गए हैं। इन स्टोर्स का उद्देश्य ग्राहकों को एआई-संचालित गेमिंग, उपभोक्ता और व्यावसायिक उत्पादों का अनुभव देना है। नए स्टोर प्रमुख शहरों जैसे रायपुर, कोरबा, बिलासपुर, गुवाहाटी, कोलकाता, छपरा और रांची में स्थित हैं। लेनोवो के इनोवेटिव उत्पादों का प्रदर्शन करने के लिए इंटरएक्टिव डिस्प्ले और डेमो स्टाफ की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा, कंपनी अब एक्सप्रेस डिलीवरी की सेवा भी प्रदान करेगी, जिसमें डिलीवरी का समय 4 घंटे से कम होगा। लेनोवो के सेल्स हेड, राघवेन्द्र अरवीती ने कहा कि इस विस्तार से ग्राहकों को स्मार्ट टेक्नोलॉजी के लाभ मिलने के साथ-साथ उत्पादकता और रचनात्मकता बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

### सबको शिक्षित करने का सत् संकल्प ही ज्ञानदायिनी की सच्ची आराधना : महावीर प्रसाद सराफ



**हावड़ा :** 'कहने को तो आज हम बहुत तेजी से विकास की ओर बढ़ रहे हैं, हर क्षेत्र में उन्नति-प्रगति कर रहे हैं लेकिन आज भी काफी लोग अशिक्षा के अंधकार से ग्रस्त हैं। आज ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की पूजा-आराधना सर्वत्र हो रही है। मेरा मानना है कि आज के दिन उन सभी को शिक्षा उपलब्ध कराने के सत-संकल्प का दिन होना चाहिए जो विविध कारणों से शिक्षार्जन से वंचित हैं जो वास्तव में मां सरस्वती की सच्ची आराथना होगी।' ये उद्गार श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा के चेयरमैन महावीर प्रसाद सराफ ने कॉलेज में आयोजित सरस्वती पूजा के भव्य आयोजन पर प्रेषित अपने संदेश में व्यक्त किये। इस अवसर पर कॉलेज के सभागार में मां सरस्वती की आकषर्क प्रतिमा विराजित की गई और कुमारजीत मंडल, रिनी गोस्वामी, श्रीजिता मल्लिक, काकोली भट्टाचार्य, दर्पण भट्टाचार्य सहित कॉलेज के कर्मीवृंद के. वी. राव, राजू सिंहराय, सोमनाथ घोष, सोम्यदीप घोष, परवीन यास्मीन, पावमी सिन्हा, गोरहरि दे व सैकड़ों विद्यार्थियों सहित अन्य आमंत्रित शिक्षकों की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान और भक्ति भाव के साथ मां की आराधना की गई। पूजा के पश्चात सभी में प्रसाद वितरण के साथ आयोजन सम्पन्न हुआ।

## अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल में 'सरस्वती पूजा' का भव्य आयोजन

**हावड़ा :** विद्यालय ने अपने प्रांगण में सरस्वती पूजा का आयोजन निष्ठापूर्वक और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया। इस पावन अवसर पर माता 'सरस्वती' की वंदना करने के लिए विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण देवरालिया, अधिष्ठाता एस.के. श्रीवास्तव, शासी परिषद के सदस्य बजरंग लाल अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षकगण एवं अन्य अतिथिगण और विद्यालय की प्रधानाचार्या अबीरा दास, शैक्षिक, सह-पाठ्यक्रम, वित्तीय, प्रशासनिक विभाग के अधिकारी तथा समस्त शिक्षकगण एवं माध्यमिक और उच्च माध्यमिक के विद्यार्थी उपस्थित थे।



सरस्वती पूजा का आरम्भ प्रातः काल विद्यालय की प्रधानाचार्या अबीरा दास और विद्यालय कप्तान आदित्य मोहन चौधरी तथा समस्त अग्रसेन परिवार की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण, गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हवन-आरती, पुष्पांजलि के द्वारा किया गया। विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण और शिशुसदन से लेकर उच्च माध्यमिक विभाग तक के विद्यार्थियों द्वारा इतिहास, भूगोल, विज्ञान, गणित, वाणिज्य, कला, संगीत और नृत्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के अधिष्ठाता, शासी परिषद के सदस्य एवं प्रधानाचार्या ने अपने कर कमलों से वार्षिक विद्यालय पत्रिका 'अग्रसर' का विमोचन किया।अंत में वहाँ उपस्थित सभी छात्रों को 'माँ शारदे' का प्रसाद वितरित किया गया तत्पश्चात् माननीय अतिथिगणों के भोग ग्रहण करने के उपरांत समस्त 'अग्रसेन परिवार' ने श्रद्धा भाव के साथ 'माँ शारदे' के प्रसाद का भोग ग्रहण करके भक्ति-भाव के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## सरस्वती पूजा की पावन बेला में मां शारदा की अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में पूजा अर्चना



**हावड़ा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के सभागार में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सरस्वती पूजन का भव्य आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। बसंत पंचमी की इस पावन बेला पर विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, उप-प्राचार्या काकोली नाग, जे. आई. एस यूनिवर्सिटी से रिया भट्टाचार्य, डॉक्टर सैकत कांजीलाल, गौरव साहा एवं विद्यालय कार्यकारिणी के सदस्यगण, शिक्षिकाएँ, प्रशासनिक विभाग के सदस्य तथा कक्षा नवमी से कक्षा बारहवीं तक की छात्राएँ उपस्थित थीं। विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवस्तव ने छात्राओं को सरस्वती पूजा की शुभकामनाएँ देते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि माँ शारदा हम सभी पर अपनी कृपा और आशीर्वाद बनाए रखें। अंत में विद्यालय की सह-पाठ्यगतिविधि प्रभारी एंजल मुखर्जी के धन्यवाद ज्ञापन और माँ सरस्वती से आशीर्वाद लेकर तथा प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## बंग साहू समाज ने 24वां छात्रवृत्ति वितरण समारोह का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा के तहत बंग साहू समाज द्वारा 1 फरवरी 2025 को वीरेंद्र कृष्ण बलभद्र मंच में 24वां छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रूपचंद प्रसाद, कार्यकारिणी अध्यक्ष भगवान दास आर्य, शिव शंकर गुप्ता, जगदीश प्रसाद साह, मिश्रीलाल साव, दुर्गा प्रसाद, इंद्रदेव गुप्ता, शंभू प्रसाद साव, गोवर्धन गुप्ता, संत लाल साव, अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता और नारी शक्ति की अध्यक्षा सीमा साव समेत अन्य समाजिक नेता उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। जिसमें पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 300 छात्र-छात्राओं को उनकी मेहनत और भविष्य के उज्ज्वल प्रयासों के लिए छात्रवृत्ति



प्रदान की गई, साथ ही चित्र कला और निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समाज के प्रति समर्पित लोगों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। बंग साहू समाज के सह-अध्यक्ष और नॉर्थ जिला अध्यक्ष सरजू प्रसाद साव को उनकी धर्मपत्नी के साथ शाल, मोमेंटो और फूलों के गुलदस्ते से सम्मानित किया गया। बाकड़ा साहू समाज के महामंत्री शंभू प्रसाद साव को भी इसी प्रकार सम्मानित किया गया।

साथ ही, बंग साहू समाज की वरिष्ठ और कर्मठ सदस्य, एडवोकेट रीता साव जी एवं उनके परिवार को भी सम्मानित किया गया। इस वर्ष के सबसे कर्मठ सदस्य, मनोज और उनकी धर्मपत्नी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मिठाई के पैकेट वितरण के साथ हुआ। समाज के युवा मंच और महिला मंच की सराहना करते हुए पूरे साहू परिवार और समाज की तरफ से सभी को नमन और जय साहू समाज का उद्घोष किया गया।

### कंकुड़गाछी में बस-लॉरी की आमने-सामने टक्कर

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में रविवार की रात कंकुड़गाछी रेलवे पुल के नीचे एक यात्री बस और लॉरी में आमने-सामने टक्कर हो गई। यद्यपि इसमें कोई मृत्यु नहीं हुई, लेकिन कई लोग घायल हो गये। बताया जा रहा है कि बस धर्मतला से उल्टोडांगा की ओर जा रही थी। कथित तौर पर यह दुर्घटना अत्यधिक गति के कारण हुई। आरोप है कि कांकुड़गाछी रेल पुल के नीचे लगे ट्रैफिक जाम से बचने के के लिए निजी बस अचानक दूलरी लेन में चली गई। उसी समय एक लॉरी उस गली से आ रही थी। बस और लॉरी की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे भीषण दुर्घटना हुई। बस के अंदर बैठे यात्री इधर-उधर उछल पड़े। तेज हवा के कारण कोई बड़ा खतरा नहीं हुआ।



**पंचवटी के भवानी रेजीडेंसी में सरस्वती पूजा आयोजित।**

## धूमधाम से संपन्न हुआ बिहारीजी का बसंत महोत्सव

**कोलकाता :** श्री बिहारीजी मंदिर के बैनर तले श्री बिहारीजी महाराज व श्री पुरुषोत्तमदास बाबा का 37वां बसंत महोत्सव रविवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। पाथुरियाघाट स्ट्रीट स्थित श्री बिहारीजी मंदिर में दोपहर सवा बजे फिल्म नेपाल (धरान) निवासी भीम-प्रीति अग्रवाल द्वारा किए गए ज्योत प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ महोत्सव रात साढ़े 11 बजे के करीब आरती के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान अनुपम श्रृंगार व छप्पन भोग के समक्ष मान्या अरोड़ा, मनीष तिवाड़ी, विजय सोनी, मनोहर व्यास, कृष्णकांत सोनी व प्रदीप शर्मा के अलावा श्री श्याम मंडल (नूतन बाजार) के सदस्यों ने भजन रस की सरिता प्रवाहित कर उपस्थिति बाबा सेवकों को भाव-



विभोर कर दिया। इस मौके पर ओम जालान, निर्मल सराफ, सुभाष मुरारका, ताजा टीवी व छपते छपते के संपादक विश्वंभर नेवर, आलोक मोर, रमेश सोंथलिया व चंद्रकांत सराफ समेत कई जाने माने लोग उपस्थित थे। सभी अतिथियों को शॉल व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बाबा परिवार के बुजुर्ग महिलाएं शारदा देवी जालान, सत्यभामा सुल्तानिया व विद्यादेवी सुल्तानिया को भी सम्मानित किया गया। बसंत महोत्सव में सफलता में जुटे चंद बाबा सेवकों को भी दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। मंदिर के प्रमुख बिरम प्रकाश सुल्तानिया ने बताया कि बसंत महोत्सव में शामिल होने मुंबई, भिवानी, जयपुर, हैदराबाद, रायगढ़, रांची, चाईबासा, दुमका, कुल्टी, धनबाद, आसनसोल, राजगंगपुर, चांस, बासुपट्टी, रायपुर, खरसिया, सूरत, चिड़ावा, नववृंदावन (भड़ूंदा), सिलीगुड़ी, टाटानगर, संबलपुर व राउरकेला के अलावा पड़ोसी देश नेपाल (धरान व काठमांडू) से भी दर्जनों की संख्या आए बाबा सेवक बसंत महोत्सव में शामिल हुए। सुल्तानिया ने बताया कि बसंत महोत्सव को सफल बनाने में बाबा सेवकों ने महत्ती भेमिका निभाई।

### तृणमूल ने विधायकों को अपने कार्यक्रमों में ममता की दो निश्चित तस्वीरों का इस्तेमाल करने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने आगामी चुनावी वर्ष के लिए अपने कार्यकर्ताओं और विधायकों को पार्टी की गतिविधियों में ममता बनर्जी के दो विशिष्ट चित्रों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। बजट सत्र खत्म होते ही तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी पार्टी के बड़े लड़ाई की तैयारियां शुरू करेंगी। एक विस्तृत बैठक में वर्ष भर की कार्य योजना की घोषणा की जाएगी। जहां पार्टी का लक्ष्य भी तय किया जाएगा। इस बैठक से पहले तृणमूल नेतृत्व ने यह तय किया है कि ममता बनर्जी की केवल दो विशिष्ट तस्वीरों का ही पार्टी के सभी कार्यक्रमों में इस्तेमाल होगा। विधायकों को विशेष रूप से यह निर्देश दिया गया है कि वे इन दोनों चित्रों का उपयोग पोस्टरों, होर्डिंग्स, और अन्य प्रचार सामग्री में करेंगे। इन चित्रों में से एक तस्वीर ममता दीदी के हाथ जोड़ने की मुद्रा में है, जो उनके पुराने घरे में (घर की बेटी) वाले इमेज को दर्शाती है। दूसरी तस्वीर उस समय की है जब ममता बनर्जी किसी कार्यक्रम में किसी से बातचीत कर रही हैं, जिसमें उनकी 'जनसंपर्क' की छवि प्रमुख है। पार्टी के अंदर और खासकर विधायकों को एक व्हाट्सएप ग्रुप वेस्ट बंगाल लेजिसलेटिव असेंबली मेंबर्स में जोड़ दिया गया है, जहां से सभी निर्देश दिए गए हैं।

# गुस्से में आकर पति ने की पत्नी की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लिलुआ में सरस्वती पूजा के दिन एक पति पर उसी के पत्नी की हत्या करने का आरोप लगा है। मृत महिला का नाम पिंकू बिश्वास (42) है। वहीं, आरोपी पति बाबाई मल्लिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना लिलुआ के आनंदनगर इलाकों स्थित पिंकू के पिता के घर में हुई। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, पिंकू के परिवार का आरोप है कि उनका दामाद बाबाई अक्सर अपनी पत्नी से झगड़ा करता था। रविवार की रात को फिर से लड़ाई शुरू हुई। जो बाद में इतनी बढ़ गई की बाबाई ने गुस्से में आकर पिंकू की हत्या कर दी। इस खबर फैलते ही इलाके में हंगामा मच गया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस महिला को अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला के पति को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पति को अदालत में भी पेश किया गया। पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की है।

## सरस्वती पूजा के दौरान स्कूल के सामने बेटी को छेड़खानी से बचाने में पिता का फटा सिर

### तीन में से दो आरोपित युवक गिरफ्तार, एक फरार



**हावड़ा, समाज्ञा :** सरस्वती पूजा के दिन छेड़छाड़ और वह भी लड़कियों के स्कूल के सामने सोमवार को घटना हुई। विरोध करने पर तीन युवकों ने छात्रा के पिता का सिर फोड़ कर लहूलुहान कर दिया। यह घटना हावड़ा जिले के रामराजातल्ला इलाके में हुई है। इसके बाद, लोगों ने तीन में से दो आरोपित युवकों को पकड़ कर पहले पिटाई की और फिर दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, तीसरा मौके से फरार हो गया जिसे पुलिस तलाश रही है। सूत्रों के अनुसार, सोमवार की दोपहर करीब 12.30 बजे रामराजातल्ला क्षेत्र में कक्षा 10 की एक छात्रा अपने पिता को स्कूल में सरस्वती पूजा दिखाने के लिए लेकर आई थी। उस समय तीन युवक स्कूटी पर सवार होकर गर्ल्स स्कूल के सामने सड़क पर घूम रहे थे। कथित तौर पर, वे छात्राओं को परेशान कर रहे थे। आरोप है कि उक्त 10वीं की छात्रा के साथ भी छेड़खानी करने लगा तो पिता ने विरोध किया। इसके बाद, तीनों ने उनका सिर फोड़ दिया। इसके बाद, स्कूल के सामने हंगामा शुरू हो गया। स्थानीय निवासी और अन्य अभिभावक घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर चटर्जीहाट थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने दो आरोपितों को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। बाद में, पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## जयनगर में गृहिणी से दुष्कर्म के बाद हत्या के प्रयास के आरोप में एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के जयनगर में एक गृहिणी से दुष्कर्म के बाद हत्या के प्रयास के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त का नाम सब्बीर शेख है। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि इस घटना में और कौन-कौन शामिल थे। बता दें कि गत रविवार को जयनगर के जंगलिया गांव में महिला से कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। प्राथमिक रूप से पता चला है कि महिला का गिरफ्तार व्यक्ति के साथ संबंध था। अस्प-ताल में भर्ती कराए जाने के बाद पीड़िता ने पुलिस को सब्बीर का नाम बताया, जिसके बाद पुलिस ने सब्बीर की तलाश शुरू कर दी और उसे गत रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का मानना है कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद और जानकारी सामने आएगी। क्या वह महिला सब्बीर से मिलने गई थी? या फिर उसे बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया गया था? उस मामले की भी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत रविवार की शाम गांव के लोगों ने एक खेत में एक महिला के कराहने की आवाज सुनी। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि महिला लहूलुहान हालत में पड़ी थी। पता चला है कि महिला के शरीर पर पड़े भी नहीं थे। इसके बाद, उसे पहले पद्मेरहाट ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। फिर, उसकी शारीरिक स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बारुईपुर उपजिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। वहां उसका इलाज चल रहा है। उनकी शारीरिक स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## ग्लोब टेक्सटाइल्स का 4,504 लाख रूपये का राइट्स इश्यू पहले दिन 14.69% सब्सक्राइब

**कोलकाता :** ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड के 4,504 लाख के राइट्स इश्यू को पहले ही दिन 14.69% सब्सक्रिप्शन मिला। यह इश्यू 24 जनवरी को खुला और 6 फरवरी को बंद होगा। पात्र निवेशकों को 1:2 अनुपात में शेयर मिलेंगे, जिसकी कीमत 3 प्रति शेयर तय की गई है। चेयरमैन भाविक पारिख ने कहा कि यह निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। राइट्स इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग ग्लोब डेनवॉश प्राइवेट लिमिटेड में इक्विटी निवेश, लोन चुकाने और वर्किंग कैपिटल के लिए किया जाएगा। सितंबर 2024 तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 380 लाख रहा, जो पिछले वर्ष 134 लाख था। अहमदाबाद स्थित इस कंपनी के तीन प्रोडक्शन प्लांट्स सालाना 36 मिलियन मीटर फैब्रिक और 2.5 मिलियन गारमेंट्स का उत्पादन करते हैं।

## बेलियाघाटा थाना में सरस्वती पूजा का आयोजन, वंचित बच्चों के बीच वितरित किए गए उपहार



**कोलकाता :** बेलियाघाटा थाना परिसर में सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें भोग वितरण के साथ समाजसेवा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बेलियाघाटा थानाध्यक्ष प्रोसेनजीत पोद्दार के सानिध्य और मार्गदर्शन में युवा शक्ति संगम, कोलकाता द्वारा वंचित बच्चों को स्टेशनरी सामग्री और उपहार वितरित किए गए। संस्था के अध्यक्ष बिमल सिपानी के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता में संजय अग्रवाल, राजेंद्र सिंघी, राजकुमार डागा एवं कृष सिंघी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बजबज में देह व्यापार के कारोबार का भंडोफोड़, पांच महिला समेत 17 गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बजबज में पुलिस ने देह व्यापार के कारोबार का भंडोफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में पुरुष और महिला समेत कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। डायमंड हार्बर जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार, दक्षिण 24 परगना के बजबज थाना अंतर्गत निश्चिंतपुर ग्राम पंचायत के रवींद्र कानन शिशु उद्यान के बगल में देह व्यापार यह का धंधा लंबे समय से चल रहा था। बताया गया है कि रविवार की शाम करीब 7.30 बजे एक ग्राहक द्वारा स्थानीय गृहिणी का अपमान करने के बाद झगड़ा शुरू हो गया। स्थिति यहां तकपहुंच गई कि बजबज थाने की पुलिस को मौके पर जाना पड़ा। तभी, स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि इस इलाके में काफी समय से देह व्यापार का कारोबार चल रहा है। हालांकि, डायमंड हार्बर जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार, इससे पहले किसी ने भी इस देह व्यापार के कारोबार के बारे में पुलिस में मौखिक या लिखित शिकायत नहीं की है। उसी रात बजबज थाने की पुलिस ने देह व्यापार के कारोबार के दौरान पांच महिलाओं और 12 पुरुषों को गिरफ्तार कर बजबज थाने ले आई। उनके खिलाफ अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अलीपुर न्यायालय भेज दिया गया है।

## दत्तपुकुर में खेत से युवक का सिर कटा रक्तरंजित शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत दत्तपुकुर के छोटा जगुलिया इलाके में सोमवार को खेत से युवक का सिर कटा रक्तरंजित शव बरामद किया गया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, स्थानीय निवासी इस दिन, सुबह में खेत पर काम करने गए थे। तभी, उन्होंने खेत में झाड़ियों में रक्तरंजित शव पड़ा देखा। ध्यान से देखने पर पता चला कि सिर कटा हुआ है। इसकी खबर फैलते ही इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि पिछली रात वहां शराब पार्टी हुई थी जिस दौरान युवक की हत्या की गई है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। साथ ही, पुलिस ने शव का सिर बरामद करने के लिए इलाके में तलाश शुरू कर दी है। शव के शिनाख्त की कोशिशें की जा रही हैं।

## काशीपुर में प्रेमिका पर जानलेवा हमला, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** काशीपुर निवासी युवती एक आईटी कंपनी में काम करती थी। वह पिछले कई वर्षों से एक डिलीवरी कर्मचारी युवक के साथ रिश्ते में थी। एक वर्ष पूर्व विभिन्न कारणों से उनका रिश्ता टूट गया। प्रेमिका ने एक साल पहले रिश्ता खत्म कर दिया था। कथित तौर पर, उसकी पूर्व पत्नी उसे लगातार परेशान कर रही थी। आखिरकार, युवक ने अपनी पूर्व प्रेमिका पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। यह घटना शनिवार को उत्तर कोलकाता के काशीपुर में घटी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसने झूठ बोला और अपने पिता को मैनहोल में धक्का दे दिया। मृतक के बेटे ने अलीमुद्दीन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शनिवार की शाम को युवक अचानक अपनी पूर्व प्रेमिका के घर पहुंचा और उस पर हमला कर दिया। बहस घर के सामने शुरू हुई। दोनों पक्षों के बीच बहस सुनकर लड़की के दादा घर से बाहर आ गए। कथित तौर पर, इसके बाद युवक ने अपने बैग से कागज में लिपटा चाकू निकाला और लड़की के दादा पर हमला करने की कोशिश की।

## दुर्गापुर में डीवीसी नहर से शव बरामद

**पश्चिम बर्दवान :** कांकसा के पलाशडांगा इलाके में डीवीसी सिंचाई नहर से सोमवार को एक व्यक्ति का उतरता हुआ शव बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 11 बजे लोगों ने नहर में कुछ ऐसा देखा जो मानव शरीर की तरह प्रतीत हो रहा था। तुरंत कांकसा थाने को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नहर से शव निकाला, जिसे मध्यम आयु वर्ग के व्यक्ति का माना जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए दुर्गापुर उपजिला अस्पताल भेज दिया गया है, लेकिन खबर लिखे जाने तक तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

## हावड़ा और शालिमार से 4 रोहिंग्या गिरफ्तार, महिला और नाबालिग भी शामिल



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा और शालिमार से जीआरपी ने चार रोहिंग्या नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला और एक नाबालिग भी शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहम्मद आलम, दिलदार बेगम, रियाजुल आलम और रबीउल आलम (12) शामिल हैं। इन चारों को हावड़ा स्टेशन परिसर और शालिमार से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, मोहम्मद आलम सिंगापुर से बांग्लादेश के रिफ्यूजी शिविर में आया था और फिर वह भारत में प्रवेश कर हावड़ा स्टेशन के जरिए दक्षिण भारत जाने के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहा था। वहीं, शालिमार से गिरफ्तार तीन लोगों में रियाजुल आलम, दिलदार बेगम और रबीउल आलम शामिल हैं, जो बांग्लादेश के कॉक्सबाजार क्षेत्र के रिफ्यूजी शिविरों में रहते थे। इनकी बातों में कई असंगतियां पाई गई हैं और उनके पास भारत आने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे, न ही उनके पास पासपोर्ट या अन्य कागजात थे। दिलदार बेगम ने दावा किया कि उसे अपहरण कर भारत में तस्करी करके लाया गया था, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वे भारत क्यों आए थे और उनका उद्देश्य क्या था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा का मुकाबला करने के लिए 'इंडिया' गठबंधन के प्रति समर्थन जारी रहेगा : माकपा



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने अपने मसौदा राजनीतिक प्रस्ताव में कहा कि वह भाजपा का मुकाबला करने के लिए 'इंडिया' गठबंधन और अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ सहयोग करना जारी रखेगी तथा फिर अपना जनाधार तैयार करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। हाल ही में, कोलकाता में संपन्न हुई पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में अपनाए गए मसौदा राजनीतिक प्रस्ताव में कहा गया कि पार्टी की ताकत बढ़ाने के लिए पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में फिर जनाधार तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। मसौदा प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि भाजपा नीत सरकार का हिंदुत्व अभियान राज्य प्रायोजित गतिविधियों के माध्यम से आक्रामक ढंग से निरंतर चल रहा है, जिसके उदाहरण के रूप में अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन, उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का पारित होना और 'अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने' से संबंधित कई राज्यों के कानून शामिल हैं। अपने मसौदा प्रस्ताव में माकपा ने अफसोस जताया कि चुनाव परिणामों से पता चलता है कि पार्टी का आधार और प्रभाव नहीं बढ़ा है। माकपा ने पश्चिम बंगाल के संदर्भ में कहा कि पार्टी को तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों का विरोध करते हुए भाजपा के खिलाफ राजनीतिक और वैचारिक लड़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा। मसौदा प्रस्ताव में कहा गया कि केरल में पार्टी की सबसे बड़ी इकाई और व्यापक जनाधार होने के बावजूद माकपा के राजनीतिक और वैचारिक कार्य ने भाजपा का मुकाबला करने में कमजोरी दिखाई, जैसा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे से पता चलता है। पार्टी ने कहा कि भाजपा-आरएसएस तथा हिंदुत्व-कॉर्पोरेट गठजोड़ से लड़ना और उन्हें हराना प्रमुख कार्य है तथा 'हिंदुत्व सांप्रदायिकता' के खिलाफ धर्मनिरपेक्ष ताकतों को एकजुट होना चाहिए।

## एक्सिस बैंक ने कोलकाता में 'इवॉल्व' के 9वें एडिशन का आयोजन

**कोलकाता :** एक्सिस बैंक ने एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों) के लिए अपने फ्लैगशिप इवेंट 'इवॉल्व' के 9वें एडिशन का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम 'फ्यूचर प्रूफिंग एमएसएमई फॉर द न्यू एज बिजनेस' रही, जिसमें इनोवेशन, डिजिटल परिवर्तन और व्यवसाय में विविधता पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुनीश शारदा (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, एक्सिस बैंक), विजय शेट्टी (हेड - कमर्शियल बैंकिंग), बृजेश चालिल (एक्जीक्यूटिव वाइस-प्रेसिडेंट) समेत कई उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। 100+ उद्यमियों की उपस्थिति में डिजिटल परिवर्तन, परिचालन दक्षता और व्यावसायिक रणनीतियों पर विचार-विमर्श हुआ। यह पहल एमएसएमई को बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और कार्य संचालन को बेहतर बनाने में मदद करेगी, जिससे वे बदलते कारोबारी माहौल में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

## श्री जैन विद्यालय में धूमधाम से मना सरस्वती पूजा



**हुगली :** बोन-बिहारी बोस रोड स्थित हावड़ा के श्री जैन विद्यालय में बड़े ही धूमधाम के साथ आज सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना कर विधि-विधान के साथ विद्यालय के शिक्षक-प्रतिनिधि श्री संतोष कुमार तिवारी ने पूजा अर्चना की।इस अवसर पर मुख्य रूप से उप-स्थित रहे विद्यालय बालिका- विभाग की प्रधानाध्यापिका श्रीमती मौसमी घोषाल जी, दिवस विभाग की प्रिन्सिपल श्रीमती इंदु जोसफ चौधरी,श्री संजय सिंह,सतीश सिंह,श्री सोमेन चक्रवर्ती,श्री चंद्रदेव चौधरी,श्री राम पुकार शर्मा,गोपाल कृष्णन आदि।विद्यालय में आयोजित सरस्वती पूजा में भव्य पंडाल का निर्माण स्वयं दिवस विभाग के छात्रों ने किया है। इस अवसर पर सभी छात्रों को प्रसाद के रूप में भोजन की व्यवस्था की गयी थी। सरस्वती-पूजा को सफल बनाने में हेड प्रिफेक्ट (बॉय)गौतम जाजोदिया,पियूष साव सहित अन्य सीनियर छात्रों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# कल विश्व बांग्ला व्यापार सम्मेलन का होगा आगाज

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में नियमित रूप से उद्योग सम्मेलन आयोजित करती आ रही हैं, और इस साल भी यह सिलसिला जारी रहेगा। आगामी 5 फरवरी से राज्य में दो दिवसीय विश्व बांग्ला व्यापार सम्मेलन शुरू होने जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से उम्मीद जताई जा रही है कि इस व्यापार सम्मेलन से हर साल की तरह इस वर्ष भी बड़े निवेश होंगे। सूत्रों के मुताबिक, आईटीसी इंफोटेक इस सम्मेलन में राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब बनाने की घोषणा कर सकता है। इसके साथ ही एमएसएमई, भारी उद्योगों के कारखानों, पर्यटन, वस्त्र और चमड़ा उद्योगों में विशेष ध्यान दिया जाएगा। केवल यही नहीं, राज्य में खाली पड़े औद्योगिक जमीनों का सदुपयोग कैसे किया जा सकता है, इस पर भी ठोस योजना बनाई जा रही है। इस वर्ष के विश्व बांग्ला व्यापार सम्मेलन में उत्पादन और उद्योग, उन्नत निर्माण, सर्कुलर इकोनॉमी, प्राकृतिक संसाधन और रक्षा उत्पादन, कृषि, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, स्वास्थ्य शिक्षा और बुनियादी ढांचा, शिक्षा, रचनात्मक अर्थव्यवस्था और फिल्म उद्योग समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

❑ **भूटान के प्रधानमंत्री बीजीबीएस में लेंगे भाग**

भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे इस सप्ताह के अंत में आयोजित होने वाले पश्चिम बंगाल के व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) में हिस्सा लेंगे। वह दो दिन की यात्रा पर कोलकाता आएंगे। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भूटान के प्रधानमंत्री 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे और व्यापार संबंधों को बढ़ाने के लिए बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) 2025 में भाग लेंगे। कोलकाता स्थित रॉयल भूटानी वाणिज्य दूतावास के वाणिज्यदूत नामगे थिनले ने बताया कि वह (भूटान के प्रधानमंत्री) द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को सुधारने के लिए बीजीबीएस में भाग लेने को पांच फरवरी की सुबह आ रहे हैं।

## इनड्राइव और हुगली परिवहन विभाग ने मनाया रोड सेफ्टी मंथ

**कोलकाता :** सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए ग्लोबल मोबिलिटी प्लेटफॉर्म इनड्राइव ने चुंचुड़ा, हुगली परिवहन विभाग के साथ मिलकर रोड सेफ्टी मंथ का आयोजन किया। इस अभियान के तहत राइडर्स को हेलमेट वितरित किए गए और सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में कैबिनेट परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती, जिला मजिस्ट्रेट मुक्ता आर्या और पुलिस आयुक्त अमित पी. जवलगी मौजूद रहे। इनड्राइव इंडिया के गवर्नमेंट रिलेशंस लीड, निर्मल पांडा ने कहा कि यह पहल ड्राइवर-पार्टनर्स और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का हिस्सा है। परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने इस पहल की सराहना की और कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए सभी हितधारकों का समर्थन जरूरी है। भारत में रोजाना 328 सड़क दुर्घटनाओं में मौतें होती हैं, जिससे सुरक्षा जागरूकता बेहद महत्वपूर्ण हो गई है।

## बादाम के 8 छुपे हुए सेहतमंद फायदे: क्या आप जानते हैं इनके बारे में?

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेशनल आमंड डे हर साल 23 जनवरी को मनाया जाता है, जो बादाम खाने के फायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का दिन है। 200 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह पुष्टि की है कि बादाम पोषण से भरपूर होते हैं और हमारी संपूर्ण सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया बादाम, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। इस खास मौके पर रितिका समद्दर, क्षेत्रीय प्रमुख-डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर-नई दिल्ली ने बताया कि रोजाना के आहार में बादाम को शामिल करने के कुछ अनजान लेकिन महत्वपूर्ण फायदे हैं। कैलिफोर्निया बादाम में 15 महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जैसे मैग्नीशियम, प्रोटीन, विटामिन ई, जिंक और फाइबर, जो संपूर्ण सेहत के लिए फायदेमंद हैं। आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह मांसपेशियों की वृद्धि, वजन नियंत्रण, और दिल की सेहत में मदद करता है।

## बालीगंज और कांकुरगाछी में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की रिकॉर्ड समय में सफल कमीशनिंग



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने बालीगंज जंक्शन और कांकुरगाछी जंक्शन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) सिस्टम की कमीशनिंग करके एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है।

पुराने रूट रिले इंटरलॉकिंग सिस्टम को बदलकर सियालदह दक्षिण खंड में इंटरलॉकिंग 03 फरवरी को सुबह 02:45 बजे सफलतापूर्वक चालू की गई, जो निर्धारित समय सीमा से पहले हुई। बालीगंज-कांकुरगाछी स्वचालित सिग्नलिंग 6.53 किमी मार्ग पर छह नए सिग्नल, अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ पूरा किया गया है, जिसमें अर्थ लिंक डिटेक्टर, इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई, डेटा लॉगर और केंद्रीय रूप से निगरानी किए गए फायर अलार्म सिस्टम जैसी सुविधाएं शामिल हैं। बालीगंज जंक्शन सियालदह डिवीजन का एक प्रमुख और व्यस्त यार्ड है, जहां चार दिशाओं से ट्रेनों का आवागमन होता है और यह सियालदह दक्षिण खंड को उत्तर खंड से जोड़ता है।

वहीं, कांकुरगाछी जंक्शन सियालदह मुख्य से ट्रेनों का संचालन करता है और इसे सियालदह दक्षिण से जोड़ता है। सियालदह टीम ने डीआरएम दीपक निगम के नेतृत्व में इस कार्य को सफलता से अंजाम दिया, जिसमें 300 कुशल कर्मचारी और इंजीनियर शामिल थे।

## पूर्व रेलवे तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए चला रहा है पांच कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा**

कुंभ मेला के दौरान तीर्थयात्रियों और यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए, पूर्व रेलवे ने पांच कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इन विशेष ट्रेनों में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त स्लीपर क्लास और एक एयर-कंडीशन्ड (एसी 3 टियर) कोच जोड़ा जाएगा, जिससे कुल कोचों की संख्या 19 से बढ़कर 21 हो जाएगी। इसके तहत, 03021/03022 हावड़ा-तुंडला-हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल, हावड़ा से 05 फरवरी से 26 फरवरी तक और तुंडला से 07 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगी। 03023/03024 हावड़ा-तुंडला-हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल, हावड़ा से 16 फरवरी से 20 फरवरी तक और तुंडला से 17 फरवरी से 21 फरवरी तक चलेगी। 03025/03026 हावड़ा-तुंडला-हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल, हावड़ा से 28 फरवरी को और तुंडला से 01 मार्च को चलेगी। 03029/03030 हावड़ा-तुंडला-हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल, हावड़ा से 06 फरवरी से 20 फरवरी तक और तुंडला से 08 फरवरी से 22 फरवरी तक चलेगी। 03031/03032 हावड़ा-भिंड-हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल, हावड़ा से 19 फरवरी को और भिंड से 20 फरवरी को चलेगी। इन विशेष ट्रेनों का संचालन यात्रियों को कुंभ मेला यात्रा में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## महाकुंभ में स्नान से गहरे आध्यात्मिक संतोष का अनुभव : पंकज मालू



**प्रयागराज/कोलकाता :** महाकुंभ मेला 2025, जो एक दुर्लभ 144 वर्षीय आकाशीय संरेखण के बाद मनाया गया, ने प्रयागराज में लाखों लोगों को आकर्षित किया। मौनी अमावस्या, 29 जनवरी को पंकज मालू ने पवित्र स्नान करने के लिए एक अपराजेय आह्वान महसूस किया, हालांकि उनको भीड़ और लॉजिस्टिकल चुनौतियों की चिंता थीं। अपेक्षाओं को नकारते हुए, उनकी यात्रा बेहद सुगम रही। उनकी ट्रेन 28 की शाम को निकली थी, प्रयागराज में थोड़ी देरी से पहुंची। व्यस्त स्टेशन के बीच, उन्हें एक स्थानीय बाइक सवार मिला, जिसने उन्हें सोमेश्वर घाट तक पहुंचाया। यहां, उन्होंने पवित्र जल में स्नान किया, जिससे उनको गहरे आध्यात्मिक संतोष का अनुभव हुआ। इस दिन, सुबह में भगदड़ की खबर से, जिसमें कई हताहत हुए थे, त्योहार के विभिन्न भागों के बीच पहुंच में प्रतिबंध लग गया था। प्रारंभ में निराश होने के बाद, उन्होंने जल्दी ही देखा कि दूर के पुल पर पैदल चलने की गतिविधि फिर से शुरू हो गई थी। इस अवसर को भुनाते हुए, वे पार हो गए और एक आधिकारिक नाविक की सहायता से त्रिवेणी संगम पहुंचे। सूर्यास्त के समय इस पवित्र स्थान में स्नान करना एक अवर्णीनीय अनुभव था, जिसने उनके आध्यात्मिक संबंध को बढ़ा दिया। इसके बाद, वे सोमेश्वर मंदिर और शिवालय पार्क गए, जहां वे स्थानीय संस्कृति में डूब गए। इस दौरान, उन्हें जून अखाड़ा में नाग साधुओं से मिलने का भी सम्मान मिला, जिन्होंने अपनी गहन प्रतिबद्धता और साधना के अद्वितीय रूपों को प्रदर्शित किया। जैसे-जैसे रात हुई, सीमित परिवहन के कारण उन्हें स्टेशन लौटने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लंबी पैदल यात्रा के बाद, एक बाइक सवार ने उनकी मदद की और वे प्रयागराज जंक्शन समय पर पहुंच सके। इस तीर्थयात्रा पर विचार करते हुए, यह स्पष्ट है कि एक उच्च शक्ति ने हमारे कदमों की दिशा निर्धारित की। टिकट सुरक्षित करने से लेकर समय पर मिली सहायता तक, सब कुछ सुचारू रूप से समन्वित हुआ। इस यात्रा ने मुझे अपनी आंतरिक आह्वान को सुनने और जो मार्ग सामने आता है, उस पर विश्वास रखने के सिद्धांत को और मजबूत किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अयोध्या में दलित व्यक्ति की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या, मामला दर्ज

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के पुरा कलंदर थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति (दलित) के एक व्यक्ति की कथित तौर पर लोहे के रॉड और लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार और सोमवार की दरमियानी रात को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने 60 वर्षीय एक दलित चौकीदार को लोहे की रॉड और लाठियों से बुरी तरह से पीटा। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान ध्रुव कुमार उर्फ बेचई के रूप में हुई है, जो एक निर्माणाधीन इमारत की रखवाली कर रहा था। उसने बताया कि गंभीर रूप से घायल कुमार को आसपास के लोग जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### महाकुंभ को लेकर भ्रामक पोस्ट करने पर आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ मेले को लेकर भ्रामक सूचना फैलाने को लेकर कोतवाली महाकुंभ नगर में सात 'एक्स' अकाउंट चलाने वाले व्यक्तियों और एक इंस्टाग्राम चलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एसएसपी (कुंभ) राजेश द्विवेदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि महाकुंभ मेले को लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने के लिए सात 'एक्स' अकाउंट और एक इंस्टाग्राम अकाउंट के संचालकों के खिलाफ कोतवाली थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस के मुताबिक, 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए यह अफवाह फैलाई जा रही थी कि महाकुंभ 2025 यानी मौत का महाकुंभ है जिसमें भगदड़ कांड में एक ही परिवार से तीन लोगों की जान गई और परिजन 'पोस्टमार्टम हाउस' से कंधे पर शवों को लेकर जा रहे हैं। इस वीडियो का सत्यापन करने पर यह नेपाल का पाया गया। इस वीडियो की सामग्री का खंडन भी कुंभ मेला पुलिस के अकाउंट से किया जा चुका है। यह भ्रामक पोस्ट करने वाले सात 'एक्स' अकाउंट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एकता के महाकुम्भ के साथ ही महाकुम्भ ने दिया वसुधैव कुटुंबकम का संदेश

## दुनिया के कई देश, देश के हर राज्य और हर जाति, संप्रदाय के लोगों ने एक साथ लगाई संगम में डुबकी



**महाकुम्भ :** बसंत पंचमी पर महाकुम्भ में भारत के हर राज्य और हर जाति लोगों ने एक साथ संगम में अमृत स्नान किया। इसके साथ दुनिया भर के कई देशों के श्रद्धालु भी पहुंचे और जय श्री राम, हर हर गंगे, बम बम भोले के उद्घोष के साथ भारतीय जनमानस के साथ घुल मिल गए। अमृत स्नान पर महाकुम्भ नगर में एकता का महाकुम्भ नजर आया। यहां भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत विदेशी नागरिकों ने परिवार के साथ पहुंचकर गंगा स्नान किया। जय श्री राम, हर हर गंगे का नारा लगाकर लोग उत्साह से लबरेज नजर आए।

**आस्था का संगम**

महाकुम्भ के इस ऐतिहासिक मौके पर संगम का तट भारतीय और विदेशी श्रद्धालुओं से पूरी तरह से भर गया। आस्था का ऐसा संगम हुआ कि संगम की रेत तक नजर नहीं आ रही थी। हर जगह सिर्फ मुंड ही मुंड नजर आ रहे थे। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, केरल, आंध्र प्रदेश समेत हर राज्य, हर जाति के लोग और अन्य देशों से आए विदेशी नागरिकों ने संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। अमेरिकी, इजरायली, फ्रांसीसी समेत कई अन्य देशों के नागरिक गंगा स्नान करते हुए भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत हुए। वे भी बम बम भोले के नारे लगाते हुए उत्साह से झूमते नजर आए।

**महाकुम्भ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी भारत की ब्रांडिग**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्य और भव्य महाकुम्भ का अलौकिक आयोजन किया गया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक शक्ति महाकुम्भ के इस बार के अद्भुत आयोजन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी ज्यादा बढ़ा दी है। महाकुम्भ में दुनिया भर के कई देशों के नागरिकों ने भाग लिया और भारत की संस्कृति को अनुभव किया। विदेशी श्रद्धालु भारत की सनातन संस्कृति से गहरे प्रभावित हुए और परिवार के साथ गंगा में स्नान किया। संगम के तट पर जय श्री राम और हर हर गंगे के उद्घोष से माहौल बना और श्रद्धालु श्रद्धा से गंगा में डुबकी लगाते रहे।

**हर वर्ग, संप्रदाय के लिए समानता का भाव**

प्रयागराज का महाकुम्भ विश्व का सबसे बड़ा मानवीय और आध्यात्मिक सम्मेलन है। यूनेस्को ने महाकुम्भ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया है। सीएम योगी का मानना है कि महाकुम्भ भारत की सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता और समता के मूल्यों का सबसे बड़ा प्रतीक है। यहां सब एक समान हैं। करोड़ों लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। श्रद्धालु, समस्त साधु, संन्यासियों का आशीर्वाद ले रहे हैं, मंदिरों में दर्शन कर अन्नक्षेत्र में एक ही पंगत में बैठ कर भण्डारों में खाना खा रहे हैं। महाकुम्भ भारत की सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता और समता के मूल्यों का सबसे बड़ा प्रदर्शन स्थल है, जिसे दुनिया भर से आये पर्यटक देखकर आश्चर्यचकित हैं। कैसे अलग-अलग भाषायी, रहन-सहन, रीति-रिवाज को मानने वाले एकता के सूत्र में बंधे संगम में स्नान करने चले आते हैं।

## ब्रज में बसंत पंचमी से शुरू हुई होली की धूम, मंदिरों में भक्तों पर बरसने लगा गुलाल



**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में सोमवार को बसंत पंचमी से होली की धूम शुरू हो गई। विश्वविख्यात मंदिरों और प्रमुख चौराहों पर होली का डांढ़ा (होलिका दहन के लिए चिह्नित स्थान का संकेतक) गाड़े जाने के साथ ही मंदिरों में ठाकुरजी के प्रसाद के रूप में अबीर-गुलाल उड़ाया गया। ठाकुर राधावल्लभ लाल मंदिर सहित कई मंदिरों में समाज गायन (होली के गीत) भी शुरू हो गया, जो रोज सुबह-शाम राजभोग व शयन भोग आरती से पहले गाया जाएगा। वृंदावन में सोमवार को राजभोग और श्रृंगार आरती के बाद सेवायत गोस्वामियों ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं पर प्रसाद के रूप में जमकर गुलाल बरसाया। आराध्य के दर्शन के साथ श्रद्धालु होली का आनंद लेकर भक्ति के रंग में सराबोर हो गए। इसी तरह, अन्य मंदिरों में भी बसंत पंचमी से फागुन की दशमी तक 50 दिन चलने वाली ब्रज की प्रसिद्ध होली की शुरुआत हो गई। अपने आराध्य के संग होली का आनंद ले रहे श्रद्धालु जयकारे लगाने लगे, जिससे मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो उठा। दुनिया के बाकी हिस्सों में जहां होली का पर्व दो-तीन दिन तक मनाया जाता है, वहीं राधा-कृष्ण के निश्छल प्रेम की इस धरती पर यह पर्व वसंत पंचमी से शुरू होकर फागुन मास की पूर्णिमा (होलिका दहन के दिन) के बाद अगले 10 दिन तक जारी रहता है।

## सनातन का सम्मान नहीं करने वाले इसका राजनीतिक लाभ न उठाएं: सतुआ बाबा



**महाकुंभ नगर :** बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान के लिए जुटे साधु-संतों ने नेताओं को सनातन धर्म का दुरुपयोग करने और राजनीतिक लाभ के लिए अफवाह फैलाने के खिलाफ आगाह किया तथा महाकुंभ की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। उन्होंने 29 जनवरी की भगदड़ के बाद महाकुंभ की आलोचना करने वालों के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया। मौनी अमावस्या के अवसर पर अमृत स्नान के दौरान हुई भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी तथा 60 अन्य घायल हो गए थे। पुलिस ने कहा कि संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ के कारण ऐसा हुआ, जबकि विपक्षी नेताओं सहित कुछ लोगों ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को संभालने के लिए किए गए प्रबंधों पर सवाल उठाए। उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर संतोष दास सतुआ बाबा महाराज ने राजनीतिक नेताओं, खासतौर पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा, ''आपने कभी सनातन धर्म का पालन नहीं किया और न ही सम्मान किया। तो अब इसका फायदा मत उठाइए।''

## राज्य सरकार अति पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार कहा कि राज्य सरकार अति पिछड़ा वर्ग के कल्याण एवं उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। शर्मा जयपुर में बिड़ला सभागार में देवनारायण जी की 1113 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एक साल के कार्यकाल में पशुपालकों और कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई नीतिगत निर्णय किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के तहत डेयरी से संबंधित गतिविधियों और दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अति पिछड़ा वर्ग के युवाओं को शिक्षा के उचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। शर्मा ने कहा, गुर्जर समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कौशल के उचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। साथ ही, समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए अहम कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, गुर्जर समाज समर्पण से काम कर देश की अर्थव्यवस्था और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है।

## राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी की 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण तबीयत बिगड़ी, हालत गंभीर

**लखनऊ :** अयोध्या के राम जन्म-भूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास (85) की 'ब्रेन स्ट्रोक' (मस्तिष्काघात) के कारण तबीयत बिगड़ गई और उन्हें लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। एसजीपीजीआई ने सोमवार को एक बयान में कहा, ''सत्येंद्र दास जी को रविवार को भर्ती कराया गया और न्यूरोलॉजी वॉर्ड में उनका उपचार किया जा रहा है। उन्हें 'ब्रेन स्ट्रोक' हुआ है। मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप की समस्या है।'' इसमें कहा गया, ''उनकी हालत गंभीर है, लेकिन फिलहाल वह देख-सुन पा रहे हैं। वह चिकित्सकों की कड़ी निगरानी में हैं।'' छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद विध्वंस के समय दास अस्थायी राम मंदिर के पुजारी थे। सबसे लंबे समय तक राम मंदिर में सेवा देने वाले दास की उस समय उम्र मात्र 20 वर्ष थी और उन्हें सेवा देते हुए मुश्किल से नौ माह हुए थे। अयोध्या ही नहीं, इससे बाहर के क्षेत्र में भी उनका काफी सम्मान है।

## दलित महिला की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार



**अयोध्या (उप्र) :** उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक दलित महिला की कथित हत्या के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिसका शव शनिवार को एक नहर से बरामद किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नायर ने बताया कि हरि राम कोरी, विजय साहू और दिग्विजय सिंह ने शराब के नशे में अपराध को अंजाम दिया और घटना के बाद शव को नहर में फेंक दिया। महिला बृहस्पतिवार से लापता थी। इस बीच, परिवार के सदस्यों ने बलात्कार और हत्या का आरोप लगाया और दावा किया कि महिला की आंखें फोड़ दी गई थीं, उसकी हड्डियां टूटी हुई थीं और उसके शरीर पर गहरे घाव थे। पांच फरवरी को मिल्कीपुर उपचुनाव के मद्देनजर महिला की मौत एक राजनीतिक मामला बन गई है। हत्या के बाद विपक्षी दलों ने कानून व्यवस्था को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला किया। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के तहत पीडीए पर अत्याचार किया जा रहा है। पीडीए शब्द का इस्तेमाल सपा 'पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक' या पिछड़े वर्गों, दलितों और अल्पसंख्यकों के लिए करती है। यादव ने कहा कि फैजाबाद से अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद समेत पूरी पार्टी इस घटना से आहत है। फैजाबाद के सांसद प्रसाद पीड़िता के परिवार से मिलने उसके घर गए थे।

समीक्षा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

04.02.2025 : रथ सप्तमी सूर्य पूजा
06.02.2025 : महानन्दा नवमी
08.02.2025 : जया एकादशी व्रत
09.02.2025 : तिल द्वादशी
10.02.2025 : सोम प्रदोष व्रत

## कुंभ संक्रांति कब ? शुभ मुहूर्त, पुण्य काल और पूजा विधि

सनातन हिंदू धर्म में कुंभ संक्रांति का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा स्नान और दान-पुण्य करने की परंपरा है। ज्योतिष के अनुसार, फाल्गुन मास में जब सूर्यदेव मकर राशि से निकलकर कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं, तब कुंभ संक्रांति मनाई जाती है। सूर्यदेव का यह राशि परिवर्तन समस्त राशियों पर प्रभाव डालता है। आइए जानते हैं कि इस वर्ष कुंभ संक्रांति कब है, इसका शुभ मुहूर्त और पूजा विधि क्या है।

### कुंभ संक्रांति 2025 कब है?

ज्योतिष के अनुसार, जब सूर्य मकर राशि से निकलकर कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं, तब कुंभ संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस वर्ष सूर्य 12 फरवरी 2025, बुधवार को रात 10 बजकर 03 मिनट पर कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। उदयातिथि के अनुसार, कुंभ संक्रांति 13 फरवरी को मनाई जाएगी।

### कुंभ संक्रांति का पुण्य काल और महा पुण्य काल

पंचांग के अनुसार, इस वर्ष कुंभ संक्रांति पर पुण्य काल दोपहर 12:36 बजे से लेकर शाम 6:10 बजे तक रहेगा। वहीं, महा पुण्य काल दोपहर 4:19 बजे से शाम 6:10 बजे तक होगा। इस प्रकार, पुण्य काल की अवधि 5 घंटे 34 मिनट और महा पुण्य काल की अवधि 2 घंटे 51 मिनट होगी।

### कुंभ संक्रांति का शुभ योग

कुंभ संक्रांति के अवसर पर सौभाग्य और शोभन योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही अश्लेषा और मघा नक्षत्र का भी संयोग है, साथ ही शिववास योग भी उपस्थित है। इन योगों में सूर्य देव की पूजा करने से साधक को उनकी इच्छित फल की प्राप्ति होगी। इस दिन पितरों की पूजा (तर्पण) भी की जा सकती है।



### कुंभ संक्रांति 2025 पूजा विधि

❒ कुंभ संक्रांति के दिन ब्रह्म मुहूर्त में जागकर गंगाजल मिलाकर स्नान करें।
❒ इसके बाद, उस जल में गंगाजल और तिल मिलाकर सूर्य देव को अर्पित करें।
❒ अपने घर के मंदिर में दीप जलाएं और सूर्य देव के मंत्रों का जाप करें।
❒ सूर्य चालीसा का पाठ करें और किसी जरूरतमंद व्यक्ति या पंडित को दान दें।

## महाशिवरात्रि पर क्या करें और क्या न करें



महाशिवरात्रि इस साल 26 फरवरी को है। महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। माना जाता है कि इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह हुआ था और इस दिन दो भी महादेव की उपासना करता है, उसे दोगुना फल प्राप्त होता है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैं, मंदिर जाकर भगवान शिव को फल-फूल अर्पित करते हैं और शिवलिंग पर दूध व जल अर्पित करते हैं। महाशिवरात्रि के दिन देशभर के सभी शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहता है। इस दिन पूजा की भी खास विधि होती है। हालांकि, पूजा करते समय आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखने की भी जरूरत है। वरना भगवान शिव आपसे नाराज हो सकते हैं। तो आज की इस खबर में हम आपको उन चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको करनी है। साथ ही वह चीजें भी बता रहे हैं, जो आपको नहीं करनी है। आइए जानते हैं।

### महाशिवरात्रि पर भूलकर भी न करें ये काम

#### काले-नीले रंग के कपड़े पहनने से बचें

महाशिवरात्रि के दिन आपको काले और नीले कपड़े पहनने से बचना चाहिए। इस दिन लाल-पीले या हरे रंग के कपड़े शुभ माने जाते हैं। इसलिए सुबह-सुबह नहाकर आप इसी रंग के कपड़े पहनकर पूजा करें।

#### अन्न का सेवन न करें

महाशिवरात्रि के दिन आपको व्रत रखना चाहिए। इस दिन कई लोग खाली पेट ही भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं और बाद में फलाहार करते हैं। ऐसे में कोशिश करें कि इस दिन आप अन्न की जगह दूध या फलों का सेवन कर और सूर्य के अस्त होने के बाद कुछ भी खाने से बचें।

#### देर तक न सोएं

महाशिवरात्रि के दिन सुबह उठकर ही पूजा करना ही शुभ होता है। इस दिन देर तक सोने से बचना चाहिए। अगर आपमें सामर्थ है तो आप रात में जाग भी सकते हैं। इससे काफी शुभ फल मिलता है।

#### किसी से झगड़ा न करें

इस दिन आपको किसी से भी झगड़ा करने से बचना चाहिए। साथ ही मुंह से अपशब्द भी नहीं निकालने चाहिए। यही नहीं, इस दिन ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। साथ ही घर में कलेश आदि नहीं होना चाहिए।

### क्या करना चाहिए

#### भगवान का करें अभिषेक

महाशिवरात्रि के दिन महादेव का रुद्राभिषेक या अभिषेक जरूर करना चाहिए। यही नहीं, आप ओम नमः शिवाय बोलते हुए भी इस काम को अच्छी तरह कर सकते हैं।

#### चार प्रहर की पूजा करें

अगर संभव हो तो आप महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा कर सकते हैं। यह विशेष फलदायी मानी जाती है। इसके साथ महामृत्युंजय मंत्र का जप करना भी शुभ होता है।

#### घर में कर सकते हैं शिवलिंग की स्थापना

यह दिन शिवलिंग की स्थापना के लिए काफी शुभ माना जाता है। अगर आप घर में शिवलिंग लाकर पूजा करना चाहते हैं तो यह फलदायी होगा।

#### बेलपत्र के नीचे करें स्नान

अगर संभव हो तो इस दिन बेलपत्र के पेड़ के नीचे स्नान करना बहुत ही फलदायक होता है। शिवपुराण की मानें तो बेल वृक्ष के नीचे स्नान करने से कई जन्मों के पाप कट जाते हैं।



## मंगलवार के दिन जरूर करें हनुमान जी के इन मंत्रो का जाप, मिलेगा हर समस्या का समाधान

मंगलवार का दिन भगवान हनुमान की उपासना के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन प्रातः स्नान करके सूर्य देव को अर्घ्य देना चाहिए और तत्पश्चात श्रद्धा भाव से पवनपुत्र हनुमान की पूजा करनी चाहिए। ऐसा करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और सफलता प्राप्त होती है। हनुमान जी को कलयुग में जाग्रत देवता माना गया है, जिनकी सच्चे मन से की गई आराधना सभी इच्छाओं को पूर्ण करने वाली होती है। विशेष रूप से इस दिन हनुमान जी के मंत्रों का जाप करने से भय, दुख और कष्टों से मुक्ति मिलती है।

इसके अतिरिक्त, मंगलवार को हनुमान जी के कुछ विशिष्ट मंत्रों का जाप करना अत्यंत लाभकारी होता है। माना जाता है कि इन मंत्रों के नियमित उच्चारण से व्यक्ति के जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। आइए, इन प्रभावशाली मंत्रों के बारे में जानते हैं:

### मंगलवार को इन मंत्रों का करें जाप

#### ॐ हं हनुमते नमः

इस मंत्र का जाप करने से कानूनी मामलों में सफलता प्राप्त होती है। यदि किसी व्यक्ति को न्यायालय संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, तो इस मंत्र के प्रभाव से उनके समाधान की संभावना बढ़ जाती है।

#### ॐ नमो भगवते हनुमते नमः

इस मंत्र के जाप से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। यदि घरेलू कलह की समस्या हो, तो इस मंत्र के नियमित उच्चारण से घर में सौहार्द और प्रेम का वातावरण उत्पन्न होता है।

#### ॐ हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट

यह शक्तिशाली मंत्र शत्रुओं पर विजय दिलाने में सहायक माना जाता है। इसके जाप से भय और संकट दूर होते हैं, साथ ही व्यक्ति के आत्मबल और साहस में वृद्धि होती है।

हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने के लिए इन मंत्रों का नियमित रूप से विधिपूर्वक जाप करें और जीवन में आने वाली बाधाओं से मुक्ति पाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों के टिकट की बिक्री सोमवार शाम से

**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के ग्रुप चरण के तीन मैचों और दुबई में होने वाले पहले सेमीफाइनल के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार शाम से शुरू हो जायेगी। चैंपियंस ट्रॉफी का यह सत्र 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में आयोजित होगा। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। टिकटों की कीमत 125 एईडी (लगभग 2,900 रुपये) से शुरू होगी। टिकट शाम साढ़े पांच बजे से खरीदने के लिए उपलब्ध होंगे। कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले 10 मैचों के लिए टिकटों की बिक्री पिछले सप्ताह शुरू हो चुकी है। आईसीसी ने कहा, 'नौ मार्च (रविवार) को होने वाले फाइनल मैच के टिकट दुबई में पहले सेमीफाइनल के खत्म होने के बाद जारी किए जाएंगे।' चैंपियंस ट्रॉफी में दुनिया की शीर्ष आठ टीमें भाग लेंगी। ये टीम 19 दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में 15 मैचों में प्रतिस्पर्धा करेगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय चरण का ट्रॉफी टूर संपन्न हुआ

**नयी दिल्ली :** इस महीने की 19 तारीख से शुरू होने वाली आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय चरण का 'ट्रॉफी' दौरा मुंबई और बेंगलुरु में संपन्न हो गया। आठ टीमों के 50 ओवरों के टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान और दुबई में होगा। इसका फाइनल नौ मार्च को खेला जायेगा। आईसीसी ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'ट्रॉफी ने अपनी वैश्विक यात्रा के दौरान इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी आठ देशों की यात्रा की। भारत चरण के समापन के साथ ही यह पाकिस्तान में अपने अंतिम पड़ाव की यात्रा करेगी।' मुंबई के दौरे में ट्रॉफी को वानखेड़े स्टेडियम, शिवाजी पार्क, गेटवे ऑफ इंडिया, कार्टर रोड, ऐतिहासिक छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और बैंडस्टैंड के दौरे पर ले जाया गया। इसे वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के दौरान भी प्रदर्शित किया गया था। बेंगलुरु में ट्रॉफी ने नेक्सस शांतिनिकेतन मॉल, बेंगलुरु पैलेस, फ्रीडम पार्क, केआर मार्केट, टाउन हॉल, सेंट मैरी बेसिलिका, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, चर्च स्ट्रीट और विद्यार्थी भवन सहित स्थानों का दौरा किया।

# टी20 क्रिकेट में लगातार 250 से अधिक रन बनाना हमारा लक्ष्य: गंभीर



**मुंबई :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम ज्यादा जोखिम उठाकर अनुकूल परिणाम हासिल करने का अपना रवैया बरकरार रखेगी और उनका लक्ष्य टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 250 से अधिक रन बनाना है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला में ज्यादा जोखिम लेने का रवैया अपनाया जिससे उसे फायदा हुआ और उसकी टीम 4-1 से जीत हासिल करने में सफल रही। भारत ने पुणे में खेले गए चौथे मैच में लगातार विकेट गंवाने के बावजूद अपना आक्रामक रवैया बरकरार रखा और आखिर में नौ विकेट पर 181 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया। मुंबई में पांचवें मैच में नौ विकेट पर 247 रन बनाकर भारत ने अपनी यह रणनीति कायम रखी। गंभीर ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, 'हम टी20 क्रिकेट में इसी तरह से खेलना चाहते हैं। हम हार से नहीं डरना चाहते हैं। हम अधिक जोखिम अधिक इनाम वाली क्रिकेट खेलना चाहते हैं। हमारे खिलाड़ियों ने इस रवैए को अच्छी तरह से अपना लिया है।' भारतीय कोच ने कहा कि उनका लक्ष्य टी20 क्रिकेट में नियमित रूप से 250 के आसपास का स्कोर बनाना है भले ही इसके प्रयास में टीम को कुछ अवसरों पर नुकसान भी उठाना पड़े। गंभीर ने कहा, 'हम नियमित रूप से 250-260 के स्कोर तक पहुंचने की कोशिश करना चाहते हैं। ऐसा करने की कोशिश में कुछ ऐसे मैच भी होंगे जहां हम 120-130 पर ढेर हो जाएंगे। यही टी20 क्रिकेट है।' उन्होंने कहा, 'जब तक आप अधिक जोखिम वाला क्रिकेट नहीं खेलते हैं तब तक आपको उचित इनाम भी नहीं मिलेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम सही रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। हमारी टी20 टीम निस्वार्थ और निडर क्रिकेट खेलती है और मुझे लगता है कि पिछले छह महीनों में हमारे खिलाड़ियों ने लगातार ऐसा किया है।' गंभीर ने अपनी बात को और पुख्ता करने के लिए अभिषेक शर्मा की 54 गेंदों में 135 रन की शानदार पारी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, 'हम अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों का समर्थन करते रहना चाहते हैं। हमें इन खिलाड़ियों के मामले में धैर्य रखना होगा। मैंने लगातार 140-150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले गेंदबाजों के खिलाफ इससे बेहतर टी20 शतक नहीं देखा है।' गंभीर ने अपने खेल में आमूलचूल बदलाव करने और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दमदार वापसी करने के लिए स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की भी सराहना की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आईपीएल से लेकर अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में सफलता हासिल करने के लिए उन्होंने जो बदलाव किए वह अभूतपूर्व थे।

## प्रज्ञाननंदा ने टाईब्रेकर में गुकेश को हराकर टाटा शतरंज का खिताब जीता




**विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड) :** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन और विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर पहली बार टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। प्रज्ञाननंदा की इस जीत से भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज में अपना दबदबा भी कायम रखा। भारतीय शतरंज का गढ़ बन चुके शहर चेन्नई के 19 वर्षीय प्रज्ञाननंदा ने रविवार को यहां टाईब्रेकर में विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश को 2-1 से हराया। विजेता का चयन करने के लिए टाईब्रेकर का सहारा इसलिए लेना पड़ा क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपने 13वें दौर के मुकाबले हार गए थे जिसके बाद वे 8.5 अंक लेकर बराबरी करते। जहां गुकेश को अपने साथी भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा वहीं प्रज्ञाननंदा जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए। प्रज्ञाननंदा ने अपनी जीत के बाद टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट से कहा, 'मेरे हाथ अब भी कांप रहे हैं। यह कितना रोमांच से भरा दिन था। मेरे पास इसको व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे वास्तव में जीत की उम्मीद नहीं थी लेकिन चीजें मेरे अनुकूल होती रही।' केवल दो साल की उम्र से शतरंज खेल रहे प्रज्ञाननंदा ने कहा, 'मेरे लिए यह दिन खास है क्योंकि मैंने टूर्नामेंट जीता है। लेकिन निश्चित तौर पर यह तनाव से भरा दिन था।' गुकेश ने टाईब्रेकर में पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई लेकिन प्रज्ञाननंदा ने इसके बाद शानदार वापसी करके अगली दोनों बाजियां जीत कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रज्ञाननंदा ने कहा, 'विंसेंट के खिलाफ मैं उस स्तर के आसपास भी नहीं खेल पाया, जिस स्तर पर मैं यहां खेल रहा था। मुझे अर्जुन को कोई उपहार देना चाहिए क्योंकि कई बार मुझे लगा कि गुकेश ने टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया।'

## अंडर-19 महिला विश्व कप: तृषा, कमलिनी, आयुषी, वैष्णवी टूर्नामेंट की टीम में



**कुआलालंपुर :** भारत ने आईसीसी महिला अंडर-19 विश्व कप में चैंपियन बनने के बाद इस टूर्नामेंट की टीम में भी अपना दबदबा बनाया तथा जी तृषा सहित उसकी चार खिलाड़ियों को इसमें जगह मिली है। भारत ने रविवार को यहां फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर अपने खिताब का बचाव किया जो उसने 2023 में पहली बार जीता था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई तृषा, उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी के साथ-साथ वैष्णवी शर्मा और आयुषी शुक्ला की बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी ने टीम में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका की जेम्मा बोथा, इंग्लैंड की डेविना पेरिन और ऑस्ट्रेलिया की काओइमहे ब्रे को भी टीम में जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की कायला रेनेके को टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है। श्रीलंका की चामोदी प्रबोदा, नेपाल की पूजा महतो और इंग्लैंड की केटी जोन्स टीम की अन्य सदस्य हैं।

## संजू सैमसन की तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर, पांच से छह सप्ताह तक नहीं खेल पाएंगे



**नयी दिल्ली :** स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है जिसके कारण वह एक महीने से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे और आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे। उन्हें मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंगुली में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद लगी थी। पता चला है कि सैमसन तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद ही ट्रेनिंग शुरू करेंगे। प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी से पहले उन्हें एनसीए की मंजूरी की जरूरत होगी। मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'सैमसन की दाहिनी तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है। उन्हें नेट पर अभ्यास शुरू करने में पांच से छह सप्ताह लगेंगे। इसलिए उनके आठ से 12 फरवरी तक पुणे में केरल (जम्मू-कश्मीर के खिलाफ) के लिए रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में खेलने की कोई संभावना नहीं है।'उन्होंने कहा, 'पूरी संभावना है कि उनकी वापसी आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए होगी।'

## न्यूज अपडेट

### अभिषेक की पारी 'क्लीन हिटिंग' का बेहतरीन उदाहरण: जोस बटलर



**मुंबई :** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की जमकर तारीफ करते हुए उनकी यहां पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेली गई 54 गेंद पर 135 रन की तूफानी पारी को 'क्लीन हिटिंग' का बेहतरीन उदाहरण बताया। अभिषेक ने 37 गेंद पर अपना शतक पूरा किया जो इस प्रारूप में भारत की तरफ से दूसरा सबसे तेज सैकड़ा है। उन्होंने अपनी पारी में 13 छक्के लगाये जो भारतीय रिकॉर्ड है। उनके इस शानदार प्रदर्शन से भारत ने यह मैच 150 रन से जीत कर श्रंखला 4-1 से अपने नाम की। बटलर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'निश्चित रूप से हम इस तरह के परिणाम से बहुत निराश हैं। भारत ने शानदार बल्लेबाजी की। मुझे लगता है कि इसका श्रेय अभिषेक शर्मा को जाता है। उनकी यह पारी 'क्लीन हिटिंग' के सर्वश्रेष्ठ उदाहरणों में से एक है।'

### सिफत कौर सामरा, जोनाथन एंथोनी ने राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीते



**देहरादून :** पंजाब की सिफत कौर सामरा और कर्नाटक के जोनाथन एंथोनी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में सोमवार को यहां क्रमश: महिलाओं के 50 मीटर थ्री पोजीशन और पुरुषों के 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता23 साल की सिफत ने यहां महाराणा प्रताप कॉलेज में हुए फाइनल में 461.2 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। पेरिस ओलंपिक में फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही सिफत ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'यह मेरे लिए ओलंपिक के बाद यह वापसी जैसा है। मैंने ओलंपिक के बाद ब्रेक नहीं लिया था और अपना अभ्यास जारी रखा था। ऐसे में आज स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव खास है।' इस स्पर्धा में उनके राज्य की साथी अंजुम मोदगिल ने 458.7 अंक के साथ रजत जबकि तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज रापोले ने 448.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 10 मीटर पिस्टल फाइनल में एंथोनी ने धैर्य और एकाग्रता का नमूना पेश करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सेना खेल संवर्धन बोर्ड के रविंद्र सिंह ने रजत जबकि गुरप्रीत सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किये।

### आरपीएसजी समूह ने हंड्रेड फ्रेंचाइजी मैनचेस्टर ओरिजिनल्स में 49% हिस्सेदारी हासिल की: रिपोर्ट

**लंदन :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका के आरपीएसजी समूह ने सोमवार को द हंड्रेड फ्रेंचाइजी मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के संचालन के लिए लंकाशर के साथ साझेदारी का अधिकार हासिल कर लिया।'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के अनुसार आरपीएसजी समूह ने फ्रेंचाइजी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई। आरपीएसजी समूह ने इससे पहले शुक्रवार को 'लंदन स्पिरिट' के लिए असफल बोली लगाई थी। इस समूह ने हालांकि कथित तौर पर लगभग 116 मिलियन पाउंड में मैनचेस्टर स्थित द हंड्रेड की फ्रेंचाइजी में हिस्सेदारी हासिल कर ली। रिपोर्ट के मुताबिक, ''दोनों पक्ष (लंकाशर और आरपीएसजी समूह) अब आठ सप्ताह तक इस सौदे की शर्तों पर चर्चा करेंगे। लंकाशर ने पहले सुझाव दिया है कि वे अपने 51 प्रतिशत हिस्सेदारी में से कुछ को बेचने के बारे में चर्चा के लिए तैयार हैं। यह रकम हालांकि इतनी अधिक होनी चाहिये कि वह अपने बैंक ऋण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा चुकाने में सक्षम हो।''



## वैश्विक एआई क्रांति में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा: चंद्रबाबू नायडू



**नयी दिल्ली :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (एआई) और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है और वैश्विक आर्थिक वृद्धि में प्रमुख चालक के रूप में उभर रहा है। यहां 16वें वित्त आयोग की बैठक से ठीक पहले संवाददाता सम्मेलन में नायडू ले कहा कि दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच में भारत के विकास पथ में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण रुचि दिखी। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख ने पत्रकारों से कहा, 'भारत वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए आकर्षण का केंद्र है।' नायडू ने 1995 की आईटी क्रांति व वर्तमान विकास के बीच समानताएं बताते हुए कहा कि एआई आज के समय की जरूरत बन गई है और इसका इस्तेमाल सभी क्षेत्रों में हो रहा है।

## नए आयकर विधेयक पर सुझाव दें उद्योग: सीबीडीटी प्रमुख

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के प्रमुख रवि अग्रवाल ने सोमवार को उद्योग जगत से नए आयकर विधेयक पर अपने सुझाव देने को कहा। यह विधेयक इस सप्ताह संसद में पेश किया जाएगा। नया आयकर विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान ले सकता है। इसे छह महीने के भीतर तैयार किया गया है। करदाताओं के लिए कर अनुपालन को सुगम तथा इसे पढ़ने व समझने में आसान बनाने के लिए भाषा को सरल रूप देने के प्रयास किए गए हैं। अग्रवाल ने कहा कि नया विधेयक इस तरह से तैयार किया गया है कि यह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। इसके अलावा, नए कानून को संक्षिप्त बनाया गया है क्योंकि पुराने प्रावधानों को हटा दिया गया है, जिससे यह कम बोझिल हो गया है। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि नया विधेयक पेश होने के बाद वे अपने सुझाव दें तथा आश्वासन दिया कि सुझावों पर विचार किया जाएगा। अपडेटेड आयकर रिटर्न (आईटीआर-यू) के बारे में अग्रवाल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में करीब 90 लाख ऐसे रिटर्न दाखिल किए गए। इससे करीब 8,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व हासिल हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा था कि किसी भी आकलन वर्ष के लिए अद्यतन आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा दो साल से बढ़ाकर चार साल कर दी जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि आयकर विभाग अब 'प्रतिकूल' दृष्टिकोण नहीं 'सहभागी' दृष्टिकोण अपना रहा है। उन्होंने कहा, 'कर विभाग का दृष्टिकोण बदल रहा है।' अग्रवाल ने कहा कि कर विभाग 'विवेकपूर्ण' (प्रूडेंट-पीआरयूडीईएनटी) दृष्टिकोण अपना रहा है, जिसमें 'पी' का अर्थ सक्रिय व पेशेवर, 'आर' का अर्थ नियम आधारित, 'यू' का अर्थ उपयोगकर्ता अनुकूल, 'डी' का मतलब डेटा आधारित, 'ई' का अर्थ सक्षम वातावरण, 'एन' का अर्थ गैर-हस्तक्षेप और 'टी' का अर्थ पारदर्शिता है।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को राहत देने के लिए एक समान टोल नीति पर काम जारी: गडकरी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को राहत देने के लिए एक समान टोल नीति पर काम कर रहा है। गडकरी ने यह भी कहा कि अब भारत का राजमार्ग बुनियादी ढांचा अमेरिका के बराबर है। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, 'हम एक समान टोल नीति पर काम कर रहे हैं। इससे यात्रियों को होने वाली समस्याओं का समाधान होगा।' गडकरी अधिक टोल शुल्क और खराब सड़क की शिकायतों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वालों के बीच बढ़ते असंतोष पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक बाधा रहित वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) आधारित टोल संग्रह प्रणाली को लागू करने का फैसला किया है। गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सोशल मीडिया पर यात्रियों की शिकायतों को बहुत गंभीरता से ले रहा है और इसमें शामिल ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है। इस समय राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल यातायात में निजी कारों की हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत हैं, जबकि इन वाहनों का टोल राजस्व संग्रह में हिस्सा मुश्किल से 20-26 प्रतिशत है। पिछले 10 साल में अधिक से अधिक खंडों पर टोल संग्रह शुरू होने से टोल शुल्क बढ़ा है, जिससे अक्सर यात्रियों में असंतोष बढ़ता है। भारत में कुल टोल संग्रह 2023-24 में 64,809.86 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2019-20 में संग्रह 27,503 करोड़ रुपये था। गडकरी ने भरोसा जताया कि राजमार्ग मंत्रालय 2020-21 में प्रतिदिन 37 किलोमीटर राजमार्ग निर्माण के पिछले रिकॉर्ड को चालू वित्त वर्ष में पार कर जाएगा। चालू वित्त वर्ष में अबतक करीब 7,000 किलोमीटर राजमार्गों का निर्माण हो चुका है। भारतमाला परियोजना की जगह लेने के लिए नयी योजना के अभाव में राजमार्ग परियोजनाएं आवंटित करने की गति काफी धीमी हो गई है। गडकरी के अनुसार, पहले भारतमाला परियोजना के तहत मंत्रालय के पास 3,000 करोड़ रुपये तक की राजमार्ग परियोजनाएं आवंटित करने का अधिकार था, लेकिन अब मंत्रालय भारतमाला परियोजना के तहत किसी भी नई परियोजना को मंजूरी नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा, '1,000 करोड़ रुपये से अधिक की किसी भी परियोजना के लिए अब हमें मंत्रिमंडल की मंजूरी लेनी होगी। हमने 50-60 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा है।'

## व्यापार युद्ध की आशंकाओं, कमजोर वैश्विक रुझानों के चलते सेंसेक्स 319 अंक टूटा



**मुंबई :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपने कुछ व्यापारिक साझेदारों पर शुल्क लगाने और कमजोर वैश्विक रुझानों को देखते हुए प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 319.22 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 77,186.74 पर बंद हुआ। इसके साथ ही सेंसेक्स में पांच कारोबारी दिनों से जारी तेजी थम गई। कारोबार के दौरान यह 749.87 अंक या 0.96 प्रतिशत गिरकर 76,756.09 पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 121.10 अंक या 0.52 प्रतिशत गिरकर 23,361.05 पर आ गया। सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, आईटीसी, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और मारुति में बढ़त हुई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग में भारी गिरावट हुई। यूरोप के बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरकर बंद हुए थे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'ट्रंप के चीन, मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक इक्विटी बाजारों में गिरावट ने भारतीय बाजारों को भी प्रभावित किया। इसके अलावा, रुपये में तेज गिरावट से विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहने की आशंका बढ़ गई।' अमेरिका में कनाडा और मेक्सिको से ज्यादातर आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क और चीन से आने वाले सामानों पर 10 प्रतिशत शुल्क मंगलवार से प्रभावी होगा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि व्यापार युद्ध की शुरुआत से वैश्विक बाजार अस्थिर हो गया, क्योंकि अमेरिका और दूसरे देशों के बीच शुल्क को लेकर संघर्ष से कोई आर्थिक लाभ मिलने की संभावना नहीं है।

## न्यूज अपडेट

### भारत, ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर 24 फरवरी से फिर वार्ता की उम्मीद

**नयी दिल्ली :** भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 फरवरी से फिर से बातचीत शुरू होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जल्द ही राष्ट्रीय राजधानी आ सकते हैं। प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए वार्ता जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी। 14वें दौर की वार्ता दोनों देशों में आम चुनाव होने कारण नहीं हो पाई थी। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। मुक्त व्यापार समझौते में दो देश अपने बीच व्यापार किए जाने वाले अधिकतम सामानों पर सीमा शुल्क या तो खत्म कर देते हैं या फिर उसमें उल्लेखनीय कमी कर देते हैं। दोनों देश सेवाओं और द्विपक्षीय निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को भी आसान बनाते हैं। समझौते के लिए बातचीत को गति मिल सकती है क्योंकि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट में नई पीढ़ी के वित्तीय क्षेत्र के सुधारों के तहत बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 74 से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि बीमा क्षेत्र के लिए एफडीआई की सीमा अब 100 प्रतिशत हो जाएगी। दोनों देश द्विपक्षीय निवेश संधि पर भी बातचीत कर रहे हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में बढ़कर 21.34 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 20.36 अरब डॉलर था।

### भारत का औसत सीमा शुल्क 11.65 प्रतिशत से घटकर 10.66 प्रतिशत हुआ: सीबीआईसी

**नयी दिल्ली :** भारत ने अपने सीमा शुल्क की औसत दर को 11.65 प्रतिशत से घटाकर 10.66 प्रतिशत कर दिया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि अब देश का सीमा शुल्क दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में प्रचलित स्तर की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि दरों को युक्तिसंगत बनाने की कवायद शुल्क ढांचे को सरल बनाने और भारतीय उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करने के लिए की गई है। उन्होंने यहां उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बातचीत में कहा, 'अब भारत में औसत सीमा शुल्क दर 11.65 प्रतिशत से घटकर 10.66 प्रतिशत हो गई है और हम अब आसियान देशों की औसत दर की ओर बढ़ रहे हैं।' दस देशों के समूह आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन) में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलिपीन, सिंगापुर, थाइलैंड और वियतनाम शामिल हैं। यह कवायद अमेरिका जैसे विकसित देशों की इस धारणा को दूर करने के लिए भी महत्वपूर्ण है कि भारत में सबसे अधिक शुल्क है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने भारत पर अधिक शुल्क लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि देश में 25 प्रतिशत से 150 प्रतिशत तक के उच्च शुल्क दायरे में केवल कुछ ही उत्पाद उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, ''इन उच्च दरों में बहुत कम वस्तुएं हैं... बाकी दरें शून्य से 10 प्रतिशत के सीमित दायरे में हैं।'' उन्होंने कहा कि इस दिशा में बजट 2025-26 में भी कदम उठाए गए हैं।

वर्ष 9, पूर्णांक 4139 अंक 289, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in